



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

my life my health

वर्ष 52/ अंक 232/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## पश्चिम बंगाल हिंसा: कैलाश विजयवर्गीय बोले, ममता सरकार ही जुलूस को डिस्टर्ब करने वाले को देती है प्रोटेक्शन

**इंदौर।** बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इंदौर जिले की कोर कमेटी बैठक में शामिल होने बीजेपी कार्यालय पहुंचे। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पश्चिम बंगाल एक ऐसा प्रदेश है, जहां रामनवमी का जुलूस हो या हनुमान जयंती का जुलूस.. वहां की सरकार ही जुलूस को डिस्टर्ब करने वाले को प्रोटेक्शन देती है। इसलिए सरकार की भूमिका वहां संदिग्ध है। मुख्यमंत्री की भूमिका संदिग्ध है। वह चाहती हैं वहां पर इस प्रकार की सांप्रदायिकता हो, जिससे उनको इसका लाभ मिले। बंगाल की हिंसा सरकार के द्वारा प्रायोजित हिंसा है, क्योंकि रामनवमी वाले दिन ही धरने पर बैठना और कहना कि रमजान का महीना है। कोई किसी के घर पर पत्थर फेंकेगा तो मैं उसे ठीक कर दूंगी। ममता जी का यह भड़काने वाला बयान था। मैं समझता हूं मुख्यमंत्री जैसे जवाबदार पद पर बैठकर इस प्रकार के बयान से बचना चाहिए। यह उनका गैर जिम्मेदाराना बयान है।



**कांग्रेस पर भी बोला हमला-** कांग्रेस कार्यालय पर हनुमान चालीसा के पाठ करने को लेकर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मोदी इफेक्ट है ये पूरा कांग्रेस का ट्रांसफॉरमेशन है। कांग्रेस के नेता यदि किसी धार्मिक कार्यक्रम में दिखते थे वो रोजा इफ्तार था। अब तो उनके नेता जनेऊ डालने लगे हैं। मंदिर जाने लगे हैं। हनुमान चालीसा पढ़ने लगे है। इसका मतलब है कि देश के ऊपर सिर्फ मोदी इफेक्ट नहीं है कांग्रेस के ऊपर भी मोदी इफेक्ट है।

**'पाकिस्तान के लोग भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं' –** कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, मैं अभी जम्मू-कश्मीर गया था। मैंने देखा कि लोगों का मोदी जी के प्रति विश्वास है। मैं जिस कार्यक्रम में गया था उस कार्यक्रम में 95त्न स्थानीय मुस्लिम थे। सब लोगों ने मोदी जी की प्रशंसा की। भारतीय जनता पार्टी की प्रशंसा की। जम्मू कश्मीर में जो विकास हो रहा है, उसकी प्रशंसा की, जो जम्मू कश्मीर में नौजवानों को रोजगार के जो अवसर प्राप्त हो रहे हैं, उसकी प्रशंसा की। वहां के लोग मोदी जी के प्रति बहुत आस्था रखते हैं। जम्मू-कश्मीर की बात छोड़िए आप रात को टीवी खोलते हैं, उसमें पाकिस्तान के लोग कहते हैं कि जिन्ना का निर्णय गलत था। वहां के लोग कह रहे हैं कि भारत के साथ सीधे जुड़ जाना चाहिए। वहां की जनता कह रही है सब पछता रहे हैं वहां पर अभी, क्योंकि भारत जिस प्रकार प्रगति तरक्की कर रहा है, विश्व में जिस प्रकार भारत की साख बन गई है, जिस प्रकार पाकिस्तान एकदम दरिद्रताम देशों की तुलना में आ गया है। वहां के लोगों को लगने लगा है कि हमें भारत से जुड़ जाना चाहिए।

**राहुल गांधी की सदस्यता को लेकर कही ये बात-** राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने को लेकर कैलाश विजयवर्गीय कहा कि वो सामंती है। उनका डेमोक्रेसी में कोई विश्वास नहीं है, उनका न्यायपालिका पर कोई विश्वास नहीं है। वह उनकी सरकार में ही पार्लियामेंट में पास हुए बिल को फाड़ देते हैं तो क्या जरूरत है उनको माफी मांगने की। बीजेपी डरी हुई है कांग्रेस के आरोप को लेकर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कौन डरा हुआ है यह सारा देश जान रहा है। भारतीय जनता पार्टी अपने तरीके से काम कर रही है।

## केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग के लिए जारी किए नए नियम

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित नए नियम जारी कर दिये हैं। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ऑनलाइन गेमिंग के लिए नए नियम जारी करते हुए कहा कि ऑनलाइन गेम की अनुमति के मानदंड निर्धारित करने के लिए नया स्व-नियामक संगठन होगा। साथ ही दांव लगाने या सट्टेबाजी से जुड़े ऑनलाइन गेम्स को अनुमति नहीं दी जाएगी। चंद्रशेखर ने दिल्ली में मीडिया तो बताया कि ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों से जुड़े कई एसआरओ बनाए जाएंगे जिनमें सभी हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। हालांकि, इनमें सिर्फ उद्योग के ही प्रतिनिधि नहीं होंगे।



केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आगे यह कहा, उन्होंने कहा, ''हम एक ऐसा ढांचा खड़ा कर रहे हैं जो यह तय करेगा कि किस ऑनलाइन गेम को एसआरओ की तरफ से अनुमति दी जा सकती है। एसआरओ भी कई संख्या में होंगे।'' ऑनलाइन गेम को मंजूरी देने का फैसला इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा कि उस गेम में किसी तरह से दांव या बाजी लगाने की प्रवृत्ति तो शामिल नहीं है। अगर एसआरओ को यह पता चलता है कि किसी ऑनलाइन गेम में दांव लगाया जाता है तो वह उसे मंजूरी नहीं देगा।

क्या कहते हैं नियम- आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि पैसा इकट्ठा करने वाले ऑनलाइन गेम के लिए मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि दांव लगाने या सट्टेबाजी में शामिल सभी ऑनलाइन गेम नए ऑनलाइन गेमिंग नियमों के दायरे में आएंगे। इसमें कई सेल्फ रेगुलेटरी ऑर्गेनाइजेशंस (एसआरओ) होंगे और इन एसआरओ में उद्योग समेत सभी हितधारकों की भागीदारी होगी। चंद्रशेखर ने कहा कि हम एक ऐसे फ्रेमवर्क के साथ काम कर रहे हैं, जो सभी ऑनलाइन गेमिंग को परमिशन देगा। इसके लिए एसआरओ काम करेंगे और इसमें कई एसआरओ शामिल होते हैं।

**विज्ञापनों पर भी रोक-** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मीडिया को भी सट्टेबाजी प्लेटफार्मों के विज्ञापनों पर भी रोक लगाने की सलाह दी है। मंत्रालय ने मीडिया संस्थाओं, मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन विज्ञापन मध्यस्थों को सलाह दी है कि वे सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के विज्ञापन/प्रचार सामग्री को प्रसारित करने से परहेज करें। गुरुवार को जारी एक एडवाइजरी में मंत्रालय ने मुख्यधारा के अंग्रेजी और हिंदी समाचार पत्रों द्वारा हाल में सट्टेबाजी वेबसाइटों के विज्ञापनों और प्रचार सामग्री को प्रकाशित करने पर भी कड़ा ऐतराज जताया।

## राघव-परिणीति की सगाई की तारीख तय

आम आदमी पार्टी' के नेता राघव चड्ढा और फिल्म एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों चर्चा में हैं। इस जोड़े ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की ! लेकिन, इंकार भी नहीं किया ! पिछले दिनों जब 'आप' के नेता संजीव अरोड़ा ने दोनों को बधाई दी, तो यह चर्चा तेज हो गई कि दोनों के बीच कुछ तो पक रहा है। अब ताजा खबर ये है, कि दोनों की सगाई की तारीख सामने आ गई।



राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा अभी इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। दोनों के परिवारों ने भी किसी बात का खुलासा नहीं किया है। उनकी सगाई और शादी की खबरें भले ही आ रही हैं, लेकिन अभी किसी भी तरह की पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई। जब भी परिणीति से सगाई या शादी की खबरों को लेकर सवाल किया जाता है तो वे बिना कोई जवाब दिए बचकर निकल जाती हैं। जब से परिणीति दिल्ली आई हैं, तब से उनकी सगाई की चर्चा और तेज हो गई। पिछले दिनों यह भी खबर थी कि जब प्रियंका चोपड़ा भारत में होंगी तब उनकी मौजूदगी में परिणीति की सगाई हो सकती है। अब खबर है कि परिणीति और राघव इस महीने की 10 तारीख को सगाई कर सकते हैं। दिल्ली में एक इंगेजमेंट सेरेमनी के बाद दोनों अपने रिश्ते को ऑफिशियल करेंगे। इनकी सगाई के कार्यक्रम फंक्शन में सिर्फ दोनों के खास दोस्त और परिवार के लोग शामिल होंगे।

## पठान के बाद यशराज बैनर की तीन जासूसी फ़िल्में

साल 2023 की शुरुआत में बॉयकॉट बॉलीवुड ट्रेंड के बीच रिलीज हुई शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' फिल्म इंडस्ट्री के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई। फिल्म रिलीज हुई, तो उसने इतिहास रच दिया। आलम यह रहा कि 'पठान' की ग्रैंड सक्सेस ने यशराज फिल्म्स का कद स्पाई थ्रिलर के मामले में काफी बढ़ा दिया। इसके बाद यशराज फिल्म्स्स ने अपनी अगली हिट देने की तैयारी कर ली। यशराज की आने वाली तीन फ़िल्में भी यशराज फिल्म्स स्पाई का हिस्सा बनेंगी।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने यशराज फिल्म्स स्पाई की अपकमिंग फिल्मों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर करते हुए यह सब बताया। पोस्ट शेयर करते हुए तरण आदर्श ने लिखा कि यशराज फिल्म्स




स्पाई यूनिवर्स में अगली तीन फिल्में सुपरस्टार सलमान खान की 'टाइगर 3' है जो इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। इसके बाद हिंदी सिनेमा के दमदार कलाकार ऋतिक रोशन की 'वॉर 2', जिसका डायरेक्शन अयान मुखर्जी करेंगे। वहीं सबसे चर्चित फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। इस तरह से तरण ने यशराज फिल्म्स की आने वाली धमाकेदार स्पाई थ्रिलर फिल्मों की जानकारी दी।

# प्रदेश में कुओं-बावड़ियों को सुरक्षित कर उनके पानी का उपयोग किया जाएगा: चौहान

### कैलाश विजयवर्गीय का सुझाव माना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कुओं-बावड़ियों को सुरक्षित कर उनके पानी का उपयोग किया जाएगा। आज मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जीं ने सुझाव दिया है कि कुओं-बावड़ियों को जलस्त्रोतों के रूप में उपयोग किया जावे। उन्हें सुरक्षित कर इनका उपयोग किया जावे। ये सुझाव उत्तम है और हम इस पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद हमने उस बावड़ी को भर दिया है। लेकिन वो मंदिर काफ़ी पुराना था। मुझे यह उचित लगता है कि पूरी तरह से सुरक्षित रखते हुए सामंजस्य व सद्भाव के साथ वहाँ फिर से मंदिर स्थापित कर दिया जावे ताकि कॉलोनीवासी वहाँ वापस से पूजा-अर्चना कर सके।



### प्रदेशवासी अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें: शिवराज

मुख्यमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सभी डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ, स्वास्थ सेवाओं से जुड़े सभी व्यक्तियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि पहला सुख निरोगी काया के विचार के अनुरुप सभी प्रदेशवासी सुखी और निरोगी रहें, यही ईश्वर से कामना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अपने स्वास्थ के प्रति सचेत रहने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विश्व स्वास्थ दिवस पर किए ट्विट में उल्लेख किया है कि उत्तम स्वास्थ्य जीवन के लिए सबसे बड़ा वरदान और अमूल्य निधि है। हम सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए संकल्पित हों और स्वस्थ, समर्थ्य तथा विकसित राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनें।

### 7 महीने बाद कोरोना के प्रतिदिन 6 हजार मामले

## 24 घंटे में 6,050 मरीज मिले, 14 मौतें



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना मरीजों की संख्या में एक बार फिर से तेजी से वृद्धि होने लगी है। पिछले 24 घंटे में देश में 6,050 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 14 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस का आंकड़ा भी 28 हजार 303 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं।

कोरोना की फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 3.39 प्रतिशत है। मार्च के 31 दिनों में कोरोना के 31,902 केस सामने आए थे। इसके मुकाबले अप्रैल के 6 दिनों में ही 26,523 नए केस मिल हैं। अगर औसत देखें तो मार्च में रोजाना औसतन 1 हजार नए केस मिले थे, जबकि अप्रैल में रोजाना औसतन 4 हजार मामले आ रहे हैं। अगर संक्रमण दर यही रही तो अप्रैल में 1.20 लाख नए मामले आने की आशंका है। हालांकि, रोजाना जिस हिसाब से नए केस बढ़ रहे हैं, उसके मुताबिक अप्रैल के कुल केस इससे ज्यादा हो सकते हैं।

### मप्र में कोराना के 26 नए पॉजिटिव

मध्यप्रदेश में कोराना के मामले एकबार फिर बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार को प्रदेश में कोरोना के 26 मामले सामने आए। इसमें सबसे अधिक 12 पॉजिटिव केस भोपाल से मिले हैं। जिसके बाद शहर में एक्टिव केस की संख्या 90 हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा मरीज थ्री ईएमई सेंटर, डीआरएम कार्यालय और एयरपोर्ट रोड इलाके में हैं। स्टेट कोविड हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मध्यप्रदेश में भोपाल के बाद इंदौर में 6, खंडवा में 3, नर्मदापुरम-नरसिंहपुर में 1-1 नए मरीज मिले हैं। राजधानी भोपाल के 90 एक्टिव मामलों की बात की जाए तो इसमें 1 व्यक्ति नॉन वैक्सीनेटेड है। बाकी सभी मरीज वैक्सीनेटेड हैं। तीन मरीज भोपाल में भर्ती हैं, इसमें से एक मरीज चिरायु में और दो मरीज कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती हैं। इसमें 1 महिला और 2 पुरुष हैं। भोपाल में कोराना संक्रमित मरीजों में 18 साल तक की उम्र के सिर्फ 7 मामले हैं। वहीं बचे हुए सारे पॉजिटिव केस 19 से 70 साल तक की उम्र के लोगों हैं। दूसरी तरफ इन एक्टिव केस में 63 पुरुष और 14 महिलाएं शामिल हैं।

### टॉप-5 राज्यों में दो-तिहाई नए केस, केरल सबसे आगे

देश में पिछले 24 घंटे में मिले 6,050 नए केस में से 4,037 सिर्फ 5 राज्यों में मिले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन्हें शुक्रवार को जारी किया है। इनमें केरल सबसे आगे है। यहां 1,936 नए केस मिले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 803, दिल्ली में 606, हिमाचल प्रदेश में 367 और गुजरात में 327 केस सामने आए हैं।

## आखिरी सांस तक मध्य प्रदेश की जनता की सेवा करता रहूंगा: कमलनाथ

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि शिवराज जी कुछ दिन पहले आप मेरा अंत करना चाहते थे और आज आपने मुझे पागल कहा है। पूरी दुनिया देख रही है कि मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री कैसी हरकतें कर रहे हैं? उसके भीतर की सारी सभ्यता, मर्यादा और संस्कार समाप्त हो चुके हैं। वह सड़क छाप गुंडों की भाषा बोल रहे हैं। मुझे अपने अपमान की फिक्र नहीं है। मैं तो पिछले 44 साल से मध्य प्रदेश की जनता की सेवा कर रहा हूं और आखिरी सांस तक करता रहूंगा।



आज जारी बयान में कमलनाथ ने कहा है- लेकिन मुझे दुख इस बात का है कि मध्य प्रदेश जैसे महान राज्य के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर ऐसे कुंठित विचारों वाला व्यक्ति बैठा है। ऐसे व्यक्ति का मुख्यमंत्री होना प्रदेश की 8 करोड़ जनता का अपमान है। लेकिन मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि आप का षड्यंत्र कामयाब नहीं होगा। शिवराज जी मध्य प्रदेश शांति का टापू था और रहेगा। लेकिन आपने अपने 18 साल के कुशासन में मध्यप्रदेश की शांति भंग कर दी है। जब आप सुबह मीडिया से मुखातिब होकर मुझे गालियां दे रहे थे, तब भी मुख्यमंत्री आवास के बाहर हजारों कर्मचारी आप के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। आपने नौजवानों से रोजगार छीन लिया है, किसानों से उपज का सही मूल्य छीन लिया है, बहनों से उनकी सुरक्षा छीन ली है, अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासियों से सामाजिक न्याय छीन लिया है, पिछड़ा वर्ग से कांग्रेस का दिया आरक्षण छीन लिया है, सामान्य वर्ग से विकास की संभावनाएं छीन ली हैं। आपने हर वर्ग के जीवन से सुख शांति का हरण कर लिया है। आपने 18 साल में पूरी एक पीढ़ी बर्बाद कर दी है। इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी, युवक की मौत, तीन घायल

**भोपाल।** राजधानी में वीआइपी रोड पर बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार तीन अन्य युवक घायल हो गए। हादसा खानू गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान तलैया में रहने वाले रोहित (18) के रूप में हुई है। हादसे के वक्त वही कार ड्राइव कर रहा था। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि कार में चार से अधिक लोग सवार थे।



**खेतिया सेंधवा स्टेट हाईवे पर हुआ सड़क हादसा, 3 गंभीर-** खेतिया सेंधवा स्टेट हाइवे पर शुक्रवार तड़के सड़क हादसा हो गया। मिनी ट्रक और लोडिंग वाहन की टक्कर में जिसमें 16 लोग घायल हो गए हैं जिनमें से 12 लोगों को रेफर किया गया। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पानसेमल से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेतिया सेंधवा स्टेट हाईवे पर एक आइशर वाहन और लोडिंग वाहन की जोरदार भिड़ंत हो गई।

## आंध्र के पूर्व सीएम किरण रेड्डी भाजपा में शामिल हुए

**हैदराबाद।** सीनियर कांग्रेस लीडर और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस छोड़ते वक्त रेड्डी ने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक लाइन का इस्तीफा भेजा था। रेड्डी पहले भी कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। 2014 में जब यूपीए सरकार ने आंध्र से तेलंगाना को अलग करने का फैसला किया, तब रेड्डी ने विरोध में पार्टी छोड़ दी थी। उन्होंने तब अपनी जय समैक्य आंध्रा पार्टी बनाई थी और आम चुनाव में कैंडिडेट्स भी उतारे थे। उन्हें एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसके बाद रेड्डी काफी समय तक राजनीति से दूर रहे और 2018 में वापस कांग्रेस में शामिल हो गए।




## एलन मस्क ने फिर बदला ट्विटर का लोगो

### डॉग की जगह नीली चिड़िया की हुई वापसी

**न्यूयार्क।** दुनिया दूसरे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के लोगो को फिर से बदल दिया है। उन्होंने तीन दिन पहले नीली चिड़िया हटाकर एक डॉग को लोगो बनाया था। हालांकि, ये बदलाव केवल वेब वर्जन पर किया था, ऐप पर नहीं। अब नीली चिड़िया वाला लोगो फिर से वापस लाया गया है। वेब और ऐप दोनों पर ये लोगो नजर आ रहा है। लोगो में बदलाव के बाद क्रिप्टोकरेंसी डॉजकॉइन में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिल रही है।

ट्विटर का लोगो बदलते ही यूजर्स हैरान रह गए थे और एक-दूसरे से इस बदलाव को लेकर सवाल करने लगे। एक यूजर ने पूछा कि क्या सभी को लोगो पर डॉग दिखाई दे रहा है। यूजर्स को लगा था कि ट्विटर को किसी ने हैक कर लिया है। कुछ देर बाद ही एलन मस्क ने एक ट्वीट किया, जिससे ये साफ हो गया कि ट्विटर ने अपना लोगो बदल दिया है। हालांकि, अब दोबारा नीली चिड़िया की वापसी हो गई है।



## भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा सुसाइड केस में सिंगर समर सिंह गिरफ्तार

**वाराणसी।** भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे सुसाइड केस में आरोपी सिंगर समर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाराणसी पुलिस ने गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र से उसे 12वें दिन पकड़ा है। आकांक्षा की मां ने समर सिंह पर बेटी के साथ 3 साल लिव-इन रिलेशनशिप में रह कर धोखा देने का आरोप लगाया था। आरोपी सिंगर समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी हुआ था। उसके खिलाफ कुर्की की तैयारी चल रही थी। इससे पहले लुकआउट नोटिस जारी हुआ था। पुलिस को आशंका थी कि दोनों विदेश भाग सकते हैं।



## जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी, उन्हें अपराधी घोषित किया: भागवत

**जयपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवन ने कहा है कि जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी, उन्हें अपराधी घोषित किया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से देश में तीसरी बार और राजस्थान में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय सेवा संगम में बोल रहे थे। उन्होंने दुनियाभर में मिशनरी समाज के लोग हॉस्पिटल, स्कूल चलने के साथ सेवा का काम कर रहे हैं।

जब हमने देश घूमकर देखा संत समाज क्या कर रहा है तो हमें पता चला जो काम मिशनरी कर रहे है, संत उनसे अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना से ही स्वयंसेवक सेवा कर रहे हैं। सेवा की मानसिकता सब में होती है, बस उसे जगाना पड़ता है। हम प्रयास कर रहे हैं कि सेवा के जरिए आज ही समाज स्वस्थ्य हो जाए। इससे पहले हमें स्वस्थ्य होना पड़ेगा। हमारे समाज में यदि कोई पीछे है तो यह हमारे लिए अच्छी बात नहीं है। सबको समान और अपने जैसा मानकर ही समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। कमजोर लोगों को ताकत देनी है। उन्होंने कहा, हमारे समाज में कई ऐसी घूमंतू लोग हैं, जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी। वो झुके नहीं, स्वतंत्रता के लिए लड़ते रहे। वे कहीं न कहीं घूमते रहते हैं। उनके पास कोई वोटर आईडी, राशन कार्ड नहीं। विदेशी शासकों ने उन्हें अपराधी घोषित कर दिया। संघ की उन पर नजर पड़ी तो वहां भी सेवा करना शुरू कर दिया।



# वर्षों पुरानी मांग को लेकर रजक समाज 9 और 10 को करेगा धरना प्रदर्शन

**भोपाल।** संयुक्त मोर्चा रजक समाज मध्य प्रदेश द्वारा अपनी मांगों को लेकर राजधानी में 9 और 10 अप्रैल को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मोर्चा के मध्य प्रदेश संयोजक कैलाश नाहर ने बताया कि रजक समाज की वर्षों पुरानी मांग रजक (धोबी) समाज को संपूर्ण मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें शासन से धोबी समाज में अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की जाएगी। अपनी मांग को लेकर रजक समाज पदाधिकारी उपवास के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। इस स्थल पर मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है समस्या का जल्द निराकरण हो सके। नाहर ने बताया कि शासन से कई बार मांग के बाद भी रजक समाज मध्यप्रदेश में 3 जिलों में अनुसूचित जाति में और 50 जिलों में ओबीसी में आता है।

## शीतलनाथ जैन मंदिर से निकली अहिंसा यात्रा

**भोपाल ।** श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति मंदाकिनी कोलार द्वारा अहिंसा संदेश शोभायात्रा निकाली गई, जोकि मंदाकिनी कॉलोनी, साईनाथ नगर, बीमा कुंज, कोलार रोड से होते हुए पुनः मंदिर में वापस पंहुची। जनसमुदाय ने हाथों में जैन ध्वज एवं भ. महावीर के संदेशों को दर्शाती हुई तख्तियों से महावीर के संदेशों के साथ अहिंसा जीव दया ओर पर्यावरण की रक्षा का संदेश जन जन पहुंचाने का प्रयास किया। जिनालय में महावीर भगवान की विशेष अर्चना पूजा की गई। अपोलो-सेज हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। समाज के द्वारा नंदिनी गौशाला में जाकर गौ-ग्रास दान दिया गया एवं गायों को गो ग्रास का सेवन कराया गया एवं उनकी सेवा कार्य सभी ने मिलकर की। रात्रि में महावीर भगवान की महा आरती का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने बड़े ही भक्ति भाव से आरती का आनंद लिया और पुण्यार्जन किया। श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन समिति सचिव डॉ. उमेश जैन वीर ने बताया कार्यक्रम में अध्यक्ष वीरेंद्र जैन राजेंद्र जैन शाहगढ़, अनुराग जैन, अमित जैन मीठी, युवा मंडल अध्यक्ष गौरव मोदी, पुष्प लता जैन, अर्चना जैन, सोनम जैन प्रीति जैन, बबीता जैन, मनीषा पाटनी सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रबुद्धजन व नवमतदाताओं का किया सम्मान

**संत हिरदाराम नगर।** राष्ट्र निर्माण और जन सेवा के लिए समर्पित विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर उत्तर विधानसभा के गुरुनानक मंडल के वार्ड क्रमांक 10 बूथ क्रमांक 46 पर झंडा वंदन कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने बूथ समिति, बूथ पर रहने वाले 11 प्रबुद्धजन, 11 नव मतदाताओं का स्वागत कर पन्ना समिति बना कर अपने बूथ को मजबूत कर अबकी बार 200 पार का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, विधानसभा प्रभारी चेतन भार्गव, मंडल प्रभारी प्रवीण प्रेमचंदानी, पार्षद सरोज आसेरी, शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र ठाकुर, बूथ अध्यक्ष राजकुमारी डागोर, युवा मोर्चा अध्यक्ष




अतुल घेंघट, सुनील सराठे, वरिष्ट उपाध्यक्ष भगवानदास ढलिया, सुकांति ठाकुरिया, गोलू राय, प्रभात मालवीय, राज बैरागी सहित बूथ के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## हुजूर विधानसभा के बूथ पर मनाया स्थापना दिवस

**संत हिरदाराम नगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर हुजूर विधानसभा के बूथ क्रमांक 14 पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रभारियों, कार्यकर्ताओं के साथ धवजारोहण कर पार्टी के पितृ पुरुष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया। पार्टी के स्थापना से आज तक की यात्रा के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारो को भी सुना। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, बूथ अध्यक्ष मुकेश रजक, महेश शर्मा, मिक्की दास, नंदू रजक सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शांति, मुक्ति, मोक्ष और ईश्वर की प्राप्ति स्वयं के कर्म की वजह से होती है: देवकीनंदन ठाकुर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



शांतिदूत धर्मरत्न देवकीनन्दन ठाकुर महाराज ने श्रद्धालुओं को सलाह दी है कि वहां सोशल मीडिया पर सनातनी बनने से पहले वास्तविक जीवन में सिखा तिलक यगोपवित और धर्म अनुकूल आचरण को अपनाएं। सनातन की संस्कृति और परंपरा का पालन करें। उन्होंने कहा कि अगरबत्ती का उपयोग सनातनी को नहीं करना चाहिए इसकी जगह धूप दीप हवन गूगल का उपयोग करें। श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन महाराज श्री ने हनुमान जयंती के अवसर पर भगवान हनुमान की महिमा का उल्लेख किया। उन्होंने विद्या अध्ययन कर रहे युवाओं से ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने का आव्हान किया। भागवत कथा के दौरान गुरुवार को छप्पन भोग लगाए गए। महाराज श्री के पावन सानिध्य में विश्व शांति सेवा समिति, भोपाल एवं मध्य प्रदेश भाजपा मंत्री राहुल कोठारी के तत्वावधान में भोपाल, मध्य प्रदेश में 2 से 8 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

आज श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस की शुरूआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज श्री ने सभी भक्तगणों को प्रभु हम पे कृपा करना, प्रभु हम पे दया करना भजन श्रवण कराया। शांति, धर्म, त्याग इन शब्दों का अर्थ हमें भगवान बुद्ध से अच्छा कौन समझा सकता है। सनातन धर्म वेद रुपी वृक्ष है और बाकी सभी धर्म उस वृक्ष की डालियाँ हैं। भगवान बुद्ध ने कहा है अपने संकल्प को पूरा करने के लिए, ईश्वर की प्राप्ति, आत्म शांति और मोक्ष प्राप्ति से बड़ा क्या संकल्प हो सकता है। शांति,मुक्ति,मोक्ष और ईश्वर की प्राप्ति किसी अन्य के कारण नहीं अपितु स्वयं के कर्म की वजह से होती है। उन्होंने कहा कि संसार में लाख लड़ाईयाँ जीतने से बेहतर है कि खुद को जीत लो। जो मनुष्य खुद पर विजय प्राप्त कर लेता है उसे फिर किसी से हारने का भय नहीं रहता है।

# टीला जमालपूरा हनुमान मन्दिर में महाआरती और भंडारे का अयोजन





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी टीला रामपुरा हनुमान मंदिर दुर्गा चौक प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता पूर्व पार्षद कमलेश घनश्याम कुशवाहा के नेतृत्व में भंडारा , कन्या पूजन एवं महा आरती का आयोजन किया गया, इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष तुलसी सोनी ,भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र साहू , पार्षद शैलेश साहू, हरि ओम असेरी ,बंसी मंगवानी, बलराम यादव ,राजकुमार साहू ,टप्पी शर्मा ,अन्नू सेन, राजेंद्र कुशवाह ,राकेश कुशवाह, अन्नू यादव, शरद ठाकुर , कमल रजक, सोनू राय, कमलेश टैंभूर्णी कर, राकेश आर्य, अंकित सक्सेना, हिमांशु सिंह,सोनू प्रजापति, नितिन साहू, विपिन साहू, शुभम जैन, मुल्लू साहू, रमेश गिद्वानी, एवं सभी साथी , कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक एवं सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई

# अपने माता-पिता, बड़े-बुजुर्गों एवं शिक्षकों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहे: सिद्ध भाऊ

## मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। सभा में विद्यालय संगीत विभाग द्वारा विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिलकर संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। विद्यालय की कक्षा पहली के नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों ने हनुमान स्वरूप में नजर आए। संत सिद्ध भाऊ ने विद्यार्थियों को कहा कि राम भक्त हनुमान का जीवन हमें अनुशासित जीवन की प्रेरणा देता है। उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा कि हम सभी को अपने जीवन में मातृशक्तियों का पूर्ण आदर व श्रद्धा भाव से सम्मान करना चाहिए। यदि हम ऐसा आदरभाव रखते हैं तो हम जीवन में वास्तविक रूप से सफल होते हैं। आगे कहा कि जैसे हनुमान जी श्री राम के



प्रति कृतज्ञ थे वैसे ही आपको अपने माता-पिता, बड़े-बुजुर्गों एवं शिक्षकों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहें। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह एवं उपप्राचार्या आशा चंगलानी ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी के सचिव ए.सी. साधवानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबानी आदि कई उपस्थित थे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे दिन चलते रहे धार्मिक आयोजन और भंडारे





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भेल गेट क्रमांक 5 के सामने पिपलानी ए सेक्टर स्थित प्राचीन श्री मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदर काण्ड पाठ एवम् विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के रंजीत सिंह के अनुसार कई वर्ष से हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे पहले आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पिछले वर्ष के अनुपात में दो गुने भक्त भंडारे मे उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किये। इस धार्मिक आयोजन में व्यवस्थापक समिति के रूप में मुख्य रूप से रंजीत सिंह, नरेश जादोन,अजीत कुशवाहा,लोकेंद्र शेखावत, राजेंद्र पारखी,वीरेंद्र रघुवंशी, सुनील कुमार,गोपाल टिकमे,भजमन साहू आदि उपस्थित रहे,समिति के मीडिया कोर्डिनेटर अतुल मालवीय के अनुसार लगभग 2000 भक्त भंडारे में शामिल हुए एवम् धर्म लाभ अर्जित किया द्य



**ग्राम बीनापुर स्थित अंजनी धाम पर हर्ष उल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव:** ग्राम बीनापुर में पहाड़ी पर स्थित अंजनी नदंन धाम पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर परिसर पहुंचे मंदिर संरक्षक अभिषेक पचौरी ने बताया बहुत ही सिद्ध स्थान है यहां पर हनुमान जी की प्रतिमा से प्रकट हुई थी 14 फुट ऊंची हनुमान जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई साथ ही मां अंजनी की गोद में विराजित हनुमान लला की प्रतिमा भी है वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णा पचौरी ने कहा कि इस मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं बीनापुर के सरपंच प्रताप ने बताया कि इस मंदिर का विकास कर इसे तीर्थाटन के स्वरूप विकसित किया जा रहा है सहित विकास के कार्य पर किए जा रहे हैं एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धर्मशाला शौचालय आदि की व्यवस्था भी की गई है शीघ्र ही रोड का निर्माण भी किया जाएगा

**जगदीशपुर हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन:** जगदीशपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया संत परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल आनंद महाराज ने बताया कि इस मंदिर का प्रतापी है कि 350 साल बाद स्थान का नाम फिर से जगदीशपुर किया गया है मंदिर के सेवक लक्ष्मी चंद्र तारा साहू ने बताया कि पिछले 37 वर्षों से हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में भोपाल एवं आसपास के क्षेत्र की जनता सम्मिलित होती है मंदिर प्रांगण में भजनों पर श्रद्धालु नृत्य करते रहे

**मुकुट अर्पण कर भंडारा कराया:** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर समाजसेवी प्रकाश पटेल ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक कृष्णा गौर, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभार बालिस्ता रावत, वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, वार्ड 74 के पार्षद प्रतिनिधि राजू लोधी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रदेश सचिव एडवोकेट केपी पाठक, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू के उपस्थिति में मंत्र उच्चारण पूजन कर श्री हनुमान जी को चांदी की मुकुट अर्पण की गई ।

मुकुट अर्पण से पूर्व भानपुर श्रीराम मंदिर से भव्य मुकुट यात्रा निकाली गई यात्रा विदिशा मेन रोड, भानपुर ओवरब्रिज होते हुए भानपुर गांव श्री हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई । कृष्णा गौर एवं बालिस्ता रावत ने सबके सुख समृद्धि की श्री हनुमान जी से प्रार्थना की । प्रकाश पटेल ने कार्यक्रम को भव्य तथा सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया । मुकुट अर्पण के बाद प्रकाश पटेल एवं भानपुर गांव के नागरिकों की ओर से भंडारा कराया गया । कार्यक्रम में भाषित दीक्षित, विवेक चौरसिया, भगवानदास गंगेले, अंकित पटेल, कमलेश गंगेले, घनश्याम पटेल, अभिषेक माली, प्रीतम लोधी, कैलाश सोनी, पप्पू सूर्यवंशी, गायत्री गायकवाड, अनिल राजपूत, रविशंकर लोधी, राहुल कुचबंदिया, रमा कुशवाहा, राजेश लोधी, सुरेश यादव, विमलेश कुमार, मांगीलाल पटेल, शुभम कोरी, बलराम रजक, रीना धाकड़, ज्योति विश्वकर्मा, राजकुमारी परिहार, सविता द्विवेदी, चंद्रप्रकाश गौर, राजेश मालवीय, शेखर गौर, डालचंद माली, छोटू कुशवाह, सुधीर कौसिक, रामसखी लोधी, रामदयाल धाकड़, किशनलाल चौरसिया, आकाश रैकवार, अभय यादव, रमेश साहू, रवि कुशवाह, मनोहर साहू, रवि जैन एवं सैकड़ों कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे ।

# डीके कॉटेज रेसिडेंट मेंटेनेंस सहकारी समिति के चुनाव हुए



**भोपाल।** बावड़िया कला के डीके कॉटेज सोसाइटी में डीके कॉटेज रेसिडेंट मेंटेनेंस सहकारी समिति मर्यादित के चुनाव संपन्न हुए जिस में निर्विरोध रूप से डॉक्टर तरुण सिंह चौहान को अध्यक्ष चुना गया साथी आर सी शर्मा एवं वी डी यादव को उपाध्यक्ष चुना गया प्रतिनिधि के रूप में एडवोकेट संजय सक्सेना का चयन किया गया इसके अलावा समिति के डायरेक्टर्स के रूप में उमेश ठाकुर, विकास पमनानी, संजोगी दुबे, संगीता जैन, राकेश जौहरी सी डी खरे एवं रामनाथ गर्ग निर्विरोध निर्वाचित हुए उक्त कार्यक्रम निर्वाचन अधिकारी सपना गुहा के द्वारा संपन्न कराया गया समस्त रहवासियों ने चुनी गई समिति को आम सभा में अपना समर्थन दें उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की सनद रहे डीके कॉटेज स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार सम्मानित किया जाता रहा है इसके अलावा समिति जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन जागरण अभियान चलाती रहती है।

## भानपुर रोड गीता नगर पर केट्रोन इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम का शुभारंभ



**भोपाल।** भानपुर रोड गीता नगर पर केट्रोन इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम रेयांश इंटरप्राइजेज का शुभारंभ आज मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग द्वारा किया गया रियांश इंटरप्राइजेज के संचालक मैथिल ने बताया कि उनके पास टू व्हीलर एवं थ्री व्हीलर इलेक्ट्रिक व्हीकल की पूरी रेंज उपलब्ध है केट्रोन इलेक्ट्रिक व्हीकल 70 किलोमीटर माइलेज है थ्री व्हीलर ईवी का माइलेज 100 प्लस है शोरूम पर विभिन्न कंपनियों द्वारा आसानी से फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है साथ ही हर इलेक्ट्रिक व्हीकल पर 2 साल की वारंटी पीरियड भी दिया जा रहा है।

# हर कार्यकर्ता ले संकल्प, अपना बूथ करेंगे मजबूत: गोविंद सिंह राजपूत

## भाजपा स्थापन दिवस पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री पहुंचे तालचिरी पंचायत

**सागर।** भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर तालचिरी पंचायत के पोलिंग क्रमांक 203, 204 में पार्टी स्थापना दिवस का कार्यक्रम अयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पहुंचकर पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं पार्टी का ध्वज फेहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री राजपूत ने अपने उद्धबोधन में कहा कि भाजपा निष्ठावान एवं ईमानदार पार्टी है जिसकी बदौलत आज यह प्रदेश-देश तथा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई है एक समय था जब भाजपा में मात्र दो ही सांसद थे जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी तथा लाल कृष्ण आडवाणी शामिल थे। दो सांसदो से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सफर संघर्षों से भरा हुआ है जिसमें ईमानदार, कर्मठ, निष्ठाबान कार्यकर्ताओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। श्री राजपूत ने कहा कि आज पार्टी केन्द्र में एवं देश के 19 प्रांतों में अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की योजनाओं के माध्यम से जनजन को योजनाओं से लाभांवित कर रही है। श्री राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा की रीढ़ कार्यकर्ता है जो हर बूथ पर रहकर जमीनी स्तर से पार्टी को जिताते हैं इसलिये भाजपा के स्थापना दिवस पर हम सभी यह संकल्प ले कि अपना बूथ मजबूत करेंगे और पार्टी को शिखर तक ले जायेंगे। श्री राजपूत ने इस अवसर पर भाजपा द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना से संबंधित जानकारी देते हुये सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि योजना का लाभ लेने के लिये जल्द से जल्द अपने फार्म जमा करें।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत ने भाजपा कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासियों को पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामनायें दी कार्यकर्ताओं ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत का पुष्प गुच्छ तथा फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नामदेव, सरपंच भानु यादव, जिला पंचायत सदस्य अर्पणा यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये एवं स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर रोशन सोठिया, करोड़ी यादव, महेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, दरयाव लोधी, परमानंद यादव, ऊधम सिंह, मुंशी सिंह सहित सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।




## श्री हनुमान संग खाटू श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन आज

भोपाल। श्री हनुमंत चरण सेवा समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 7 अप्रैल को शाम 7 बजे श्री दुर्गा मंदिर शाहजहांनाबाद पर आयोजित एक महोत्सव श्री हनुमान संग श्री श्याम के नामके आयोजन हेतु प्रशासन द्वारा आज आयोजन स्थल का निरीक्षण मरघटिया महावीर मन्दिर के महंत कन्हैया दास महाराज के मार्गदर्शन में किया गय। इस अवसर पर आयोजन अध्यक्ष एड. आकाश यादव ने पुलिस प्रशासन से आयोजन स्थल पर महाआरती,खाटू श्याम जी के कीर्तन व भंडारे हेतु बेरिकेटिंग कर मार्ग बन्द करने हेतु चर्चा की व नगर निगम के अधिकारियों से भी आयोजन स्थल पर साफ सफाई एवं सड़क पर हुए गड्ढो को भरने हेतु समुचित व्यवस्था करने को कहा। आकाश यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 अप्रैल को शाम 7 बजे मन्दिर में महा आरती,विशाल भंडारा एवं श्री हनुमान संग श्री खाटू श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा करा जा रहा है। इस अवसर पर, सुजीत यादव,एड. दीपेश श्रीवास्तव संजय सिसोदिया,शुभम मुद्गल, सुबोध जैन, एड. मनोज श्रीवास्तव,राकेश सोनी, अतुल कौशल,महेंद्र रॉकी,राजा जैन,मनोज साहू,नितिन जैन, त्रिलोक यादव आदि मौजूद रहे।

## गेहूं की खरीद 3 हजार क्विंटल हो, इसके लिए मैं बार-बार निलंबित होने तैयार: जीतू पटवारी



भोपाल। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने कहा है कि गेहूं/अनाज की खरीद 3000 रुपए प्रति क्विंटल हो, तभी किसान का भला होगा, यदि इसके लिए मुझे बार-बार निलंबित होना पड़े, तो भी मैं तैयार हूं। वे आज देवास जिले के चपड़ा गांव पहुंचे, जहां कांग्रेसजनों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।

पूर्व मंत्री विधायक जीतू पटवारी ने इंदौर से हरदा जाते समय देवास जिले के खातेगांव में किसानों और मीडिया से चर्चा की। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तो बीजेपी सरकार के आंकड़े ही किसान की आमदनी/खर्च का अंतर बता रहे हैं। लेकिन, फिर भी हमारे मुख्यमंत्री असल मुद्दे से मुंह चुरा रहे हैं।

## डाटा एंट्री और अपडेशन के लिए अतिरिक्त ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई जाए: कलेक्टर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह ने पदभार ग्रहण के बाद सर्वप्रथम ई केवाईसी केंद्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि समग्र आईडी में अपग्रेडेशन के संबंध में यदि कोई समस्या आ रही है तो उसका तुरंत निराकरण करें और आम जनता को सहूलियत प्रदान करें । कलेक्टर सिंह ने कहा कि लाडली बहना योजना के अंतर्गत 23 से 60 वर्ष की उम्र की पात्र महिलाओं को शासन द्वारा 1000 रूपए की राशि उनके खाते में प्रदान की जाएगी। इसके लिए उनका समग्र आईडी और आधार अपडेशन होना आवश्यक है। कलेक्टर ने उपस्थित महिलाओं से भी बात की और उन्हें बताया कि समग्र आईडी में आपका मोबाइल नंबर अपडेट होना चाहिए एवं अन्य जानकारी भी नवीन होना चाहिए। महिलाओं ने बताया कि उनका आधार शादी के बाद पति का नाम भी नहीं चढ़ाएं है। अभी तक पिता का नाम ही चढ़ा है इस पर सभी से आग्रह किया कि वे अपना ईकेवाईसी अपडेट करें जिससे उनकों लाडली बहना योजना का लाभ मिल सके। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश की बहनों के लिए मुख्यमंत्री लाडली योजना को 25 मार्च से शुरू किया गया है जिसके ऑनलाइन फॉर्म जमा होना है इसमें आधार कार्ड, समग्र आईडी लगाना अनिवार्य है। इसके साथ ही उनका अकाउंट नंबर भी मोबाइल नंबर से लिंक होना चाहिए। इन समस्याओं को निदान करने के लिए कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं



### खाद्य सुरक्षा दल ने गुणवत्ताहीन तेल को कराया नष्ट

**भोपाल।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से शिवाजीनगर स्थित हॉकर कॉर्नर एवं न्यू मार्केट में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में बिक रहे खाद्य पदार्थों की त्वरित जांच की गई । खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दोनों स्थानों पर उपयोग किये जा रहे मसालों तथा तलने में उपयोग किये जा रहे तेल का त्वरित परीक्षण किया जिसमें तेल गुणवत्ताहीन प्राप्त होने के कारण मौके पर विनष्ट कराया गया । वगत तीन माह के दौरान पूर्व में लिये गये 97 नमूनों के जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुये हैं जिनमें से 07 अमानक होना पाये गये हैं । अमानक प्राप्त नमूनो में से सौंफ, गाय का दूध, तिली का तेल, सोयाबीन तथा पाम तेल, रतलामी सेव, चावल शामिल है । अभिहित अधिकारी के द्वारा संबंधित खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 46 (4) के अन्तर्गत नोटिस जारी किये गये हैं ।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज युवक संघ ने पूरे प्रदेश में किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज मध्यप्रदेश युवक संघ के आवाह्न पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में हनुमान प्रकट्यतोसव के उपलक्ष्य में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न शहरों यथा भोपाल, इंदौर, अलीराजपुर, सीहोर, ग्वालियर, रतलाम, हरदा आदि जिलों में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा परिवार और स्वजातीय बंधुओ के साथ मिलकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसी तारतम्य में भोपाल के नेहरू नगर स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज युवक संघ भोपाल द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री पंडित सुरेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय कला एवम संस्कृति प्रकोष्ठ प्रमुख महिला महासभा आरती उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा भारती तिवारी, प्रदेश महामंत्री युवक संघ मयूर उपाध्याय, जिला अध्यक्ष महिलासभा भोपाल विद्या तिवारी, प्रदेश प्रचार मंत्री महिलासभा गुंजन उपाध्याय, जिला अध्यक्ष युवक संघ राजगढ़ धीरज शर्मा,बृजेश जी जोशी, दीप्ति शर्मा, कौतुक जोशी, आयुष उपाध्याय, उत्कर्ष तिवारी, पूर्वा जोशी, मृणालिनी उपाध्याय, मधुर उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## विदिशा रोड पर प्राचीन मंदिर में लगा

**भोपाल।** भोपाल शहर से 16 किलोमीटर दूर विदिशा रोड पर फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अमोनी के ग्राम गढ़मोरा में पटेल बाबा के प्राचीन मंदिर पर हनुमान जयंती पर विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर भारी भीड़ के साथ मेला में पहुंचे। मेले का आयोजन पटेल बाबा मंदिर सांस्कृतिक धार्मिक मेला उत्सव समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है। समिति के अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के पावन पर्व पर यह विशाल मेला का आयोजन किया जाता है पटेल बाबा की मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से अपनी अर्जी लगाता है उनकी मनोकामना पूर्ण होने पर लोगो के द्वारा राई नृत्य एवं भंडारे का आयोजन इस दिन करते हैं। आज मेला में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने पहुंचकर पटेल बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लेते हुए पटेल बाबा के धार्मिक स्थान के परिसर में विधायक निधि से धर्मशाला निर्माण के लिए 1500000 रुपए की घोषणा की। ग्राम पंचायत आर्मोनी के सरपंच किशन यादव ने मंच लगाकर मेले में आए हुए भक्तों का स्वागत करते हुए अपने नेता विधायक रामेश्वर शर्मा जी का फूल मालाओं से स्वागत किया। पटेल बाबा के मेला में के धार्मिक समाजसेवी लोगों के द्वारा जनता की सेवा की जाती है भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने मेला परिसर में आए हुए भक्तों को घूम घूम कर पानी पिलाकर सेवा की।

## डाक्टर मधु वर्मा एनटीसीए की एक्सपर्ट मेम्बर नियुक्त



**भोपाल।** डाक्टर मधु वर्मा, जो की भारत की ही नहीं, दुनिया की जानी मानी पर्यावरण अर्थशास्त्री हैं, उनको राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, जो की फारेस्ट, एनवायरनमेंट और क्लाइमेट चेंज मिनिस्ट्री के अन्तर्गत आता है, उसका एक्सपर्ट मेम्बर नियुक्त किया गया है.

डॉ. वर्मा का भारत के 16 टाइगर रिज़र्व की इकोसिस्टम सर्विसेज़ के मूल्याँकन का काम दुनिया में अग्रणी माना जाता है जिसमें उन्होंने टाइगर रिज़र्व्स से लोकल, रीजनल और ग्लोबल ब्रेनफ़िट्स का अध्ययन किया और हमारी प्राकृतिक पूँजी है और इसके संरक्षण में निवेश करने से हैं बहुत लाभ मिलता है. डॉ. वर्मा भोपाल में 25 साल तक भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल में प्रोफेसर थीं तथा अपने द्वारा भोपाल के भोज वेटलेंड्स, कई प्रदेशों के जंगल के आर्थिक मूल्यांकन के अध्यन के लिए जानी जाती हैं। अभी वो आयोरा इकोलॉजिकल सोम्यूशंस फर्म, न्यू दिल्ली में सीनियर इकोनॉमिक एडवाइज़र पद पर कार्यरत हैं।एनटीसीए ने एक पत्र जारी कर यह जानकारी दी की उड़ीसा के रिटायर्ड पीसीसीएफ़, एसएस श्रीवास्तव, राजस्थान वन विभाग के रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल रवि सिंह, जबलपुर के कंसलटेंट पैथोलॉजस्ट डॉ. रूप नारायण सिंह, वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट इफ इंडिया के रिटायर्ड सीनियर प्रोफेसर, डॉ. प्रदीप मालिक , एनटीसीए के पूर्व आईजीएफ़ व डबल्यू लोंगवाह, मध्य प्रदेश के पूर्व एपीसीसीएफ ( वन्यजीव) डॉ. एच एस नेगी, को एक्सपर्ट मेम्बर नियुक किया गया है। इस बहुत ही महत्वपूर्ण कमेटी की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा की जाती है तथा स्टेट मिनिस्टर इसके उप अध्यक्ष होतें हैं

## युवा महासंघ ने चलाया धार्मिक अभियान, 11 हजार हनुमान चालीसा का किया वितरण

**भोपाल।** हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर गोविंदपुरा युवा महासंघ के द्वारा आयोजित एवं महासंघ अध्यक्ष प्रमोद सिंह संजू की अध्यक्षता में 1 धार्मिक अभियान हर घर राम घर घर राम किया गया । जिसमे हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर अवसर महासंघ द्वारा गोविंदपुरा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में 12 मंदिरों में 11000 हनुमान चालिसा सुरक्षा कवच का वितरण किया गया। जिसमे हज़ारों की संख्या में शहरवासियों ने आकर नि:शुल्क हनुमान चालिसा सुरक्षा कवच प्राप्त की।



## कैंसर जांच शिविर एवं पोस्टर-रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग द्वारा 04 से 07 अप्रैल तक मनाया जा रहा स्थापना सप्ताह अपने आयोजन के मध्य में पहुंच गया है । इस सप्ताह के कार्यक्रमों के अंतर्गत डॉ वैशाली वाल्के, प्रोफेसर और विभाग प्रमुख के मार्गदर्शन में चिकलोद में एक ऑउटरीच गतिविधि शिविर आयोजित किया गया था । यह कार्यक्रम कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन विभाग के डॉ. राजकुमार पाटिल की टीम और प्रसूति तथा स्त्री रोग विभाग की डॉ. श्वेता की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया था ।

05 अप्रैल को चिकलोद, भोपाल (म.प्र.) में एक सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया । इस अभियान का नेतृत्व पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हेमलता पंवार ने किया । उन्होंने तीस से अधिक महिलाओं के बीच सर्वाइकल कैंसर का जल्द पता लगाने और इसकी रोकथाम के बारे में उन्हें जागरूक किया । उन्होंने महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के कारणों और जोखिम कारकों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए महिलाओं से सहमति प्राप्त की गई थी, और विशेष क्लिनिक रजिस्टर (ष्ट्स्न्रू) में केवल सहमति देने वाली महिलाओं का विवरण ही दर्ज किया गया था। इनमें से 20 महिलाओं का पैप स्मीयर टेस्ट भी किया गया ।



प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में सीनियर रेजिडेंट, डॉ. सुरभि चेतिवार, पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग में सीनियर रेजिडेंट, डॉ. गरिमा पांडेय और सामुदायिक एवं परिवारिक चिकित्सा विभाग में सीनियर रेजिडेंट डॉ. रेवदी जी. द्वारा पारंपरिक पैप स्मीयर और तरल-आधारित साइटोलॉजी स्मीयर लिए गए थे । पैथोलॉजी विभाग द्वारा पैप स्मीयर रिपोर्ट प्रदान की गई और सीएफएम विभाग को भेजी गई ।

पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग द्वारा 5 अप्रैल, 2023 को सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के अतिरिक्त स्थापना सप्ताह गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । पोस्टर प्रतियोगिता के विषय थे गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग और इसकी रोकथाम और प्रेसिसन मेडिसिन के युग में नेक्सट जनरेशन पैथोलॉजिस्ट। रंगोली प्रतियोगिता का विषय आर्ट इन पैथोलॉजीक्र था। इन विषयों का चयन नवीन विचारों को प्रोत्साहित करने और दिए गए विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था । इन गतिविधियों में कुल 11 उम्मीदवारों ने भाग लिया । रचनात्मकता, कला और अवधारणा के आधार पर विशेषज्ञों द्वारा पोस्टर और रंगोली का मूल्यांकन किया गया ।

### पैथोलॉजी विभाग का स्थापना सप्ताह मनाया गया

एम्स में पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग ने 3 अप्रैल से 7 अप्रैल 2023 तक अपने स्थापना सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया । इन आयोजनों में कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविर, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं, अतिथि व्याख्यान और स्नातकोत्तर के साथ इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे । ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र, चिकलोद में गर्भाशय और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए एक जागरूकता और मुफ्त कैंसर जांच शिविर आयोजित किया गया । सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का नेतृत्व पैथोलॉजी एंड लैब मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हेमलता पंवार ने किया ।

## सम्पादकीय

# स्वयं की सुरक्षा स्वयं करें

एक बार फिर कोरोना डराने लगा है। लेकिन शायद अब हम डरने के लिए तैयार नहीं हैं। देश में मरीजों की संख्या लाखों से करोड़ों में पहुंच चुकी है, पर अभी तक केंद्र सरकार या राज्य सरकारों ने कोई गाइडलाइन तैयार नहीं की है और न ही अस्पतालों में खास तैयारी दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि आगामी मई महीने से कोरोना के केस हर रोज बीस हज़ार तक आने का अनुमान है।

कहाँ मास्क के बिना घर से हम निकलते नहीं थे। एक तरह का अनिवार्य गहना हो गया था मास्क, लेकिन अब हम उसकी तरफ़ देखना तक कबूल नहीं करते। बूस्टर लगवा चुके लोग समझ रहे हैं कि उन्हें कुछ हो ही नहीं सकता। आखिर ये कोरोना उनका क्या कर लेगा? और आज भी लाखों लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई डोज ही नहीं लगवाया, भले ही आंकड़ों में उनकी गिनती आ गई हो। शादियों में वही पुरानी भीड़, धार्मिक आयोजनों की तो बात ही अलग है। बड़े-बड़े आयोजन। धार्मिक यात्राओं में हजारों की भीड़, एक पर एक चढ़ते जा रहे लोग। किसी को मास्क लगाने की चिंता नहीं। कोई सावधानी बरतने को राज़ी नहीं। जो बोले, वो बुरा बन जाता है।

मई में जैसी कि चेतावनी दी जा रही है, कौन-सा वैरिएंट आएगा और वो कितना घातक साबित हो सकता है, इसकी किसी को परवाह नहीं है। दूसरी तरफ़ मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में चुनाव माथे पर हैं। वे तो रुक नहीं सकते क्योंकि चुनाव के वक्त तो कोरोना कितना ही ख़तरनाक रूप में फैला हो, हमारे नेता उसे मामूली ही बताते रहते हैं। पिछली बार हम देख चुके हैं। कोरोना के आने पर दुनिया घरों में कैद हो गई थी, लेकिन नेताओं की रैली, उनकी सभाओं का कोई न कोई रास्ता निकाल ही लिया गया था। और चुनाव ख़त्म होते ही यही नेता फिर कोरोना से बचने की सावधानियाँ बताते नहीं थकते।

सरकारी अस्पतालों का तो भगवान ही मालिक है। हां, जिनके मालिक हैं, यानि जो निजी अस्पताल या नर्सिंग होम हैं, वो सीधे धंधा कर रहे हैं। उन्हें सुरक्षा से क्या लेना-देना। वो चाहते हैं हम ज्यादा बीमार हों, उनका धंधा ज्यादा चलेगा। और सरकारी में व्यवस्थाओं की बात करना बेमानी है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ही देख लो। जिला चिकित्सालय में लगता ही नहीं कि कोरोना के मरीज यहां भी लगातार बढ़ रहे हैं। अतिरिक्त बिस्तर तो छोड़ें, ठीक से आरटी-पीसीआर जांच की व्यवस्था तक दुरस्त नहीं है। हमीदिया अस्पताल भी फिलहाल तैयार नहीं दिखता। एम्स की अपनी दुनिया है। व्यवस्थाएं सब हैं, लेकिन सुविधाएं नहीं। इमर्जेंसी तो यहां मायने ही नहीं रखती, औपचारिकता पूरी करने में ही घंटों लग जाते हैं और अस्पताल के भीतर ही कई मील का रास्ता तय करना पड़ता है, नीचे ऊपर चढ़ना पड़ता है सो अलग।

खैर..। इन बातों का कोई मतलब नहीं। सरकार और प्रशासन को जब जागना होगा, तभी जागेंगे। जैसे जब कलेक्टर साहब को ठंड लगती है, तभी स्कूलों का समय बदलता है। सो हम अपनी सुरक्षा के लिए तैयार हो जाएं। कोई दूसरा हमें मास्क पहनाने नहीं आने वाला है। आएगा, तो फोटो खिंचवाने और खबर चलवाने के लिए। इसलिए सावधान रहिए, सुरक्षित रहिए। कम से कम भीड़ से तो बचे ही रहिए, वर्ना ये वैक्सीन और ये बूस्टर डोज़ भी बेचारे लाचार हो जाएँगे। वैसे भी वैक्सीन और बूस्टर डोज के आफ्टर इफेक्ट के रूप में धड़ाधड़ हार्ट अटैक देखे जा रहे हैं।

दूसरी तरफ कोरोना पर ठीक से अनुसंधान भी नहीं हो पा रहा है। इसी सिलसिले में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना की उत्पत्ति को लेकर एक बार फिर से चीन पर सवाल उठाए हैं। सही तरह से जानकारी न देने पर नाराजगी भी जाहिर की है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्येयियस ने चीन पर कोविड-19 की उत्पत्ति पर जानकारी साझा करने का दबाव डाला है। उन्होंने कहा कि उन्हें निश्चित तौर पर ये पता है कि कोरोना वायरस के उत्पत्ति के संबंध में चीन के पास अधिक जानकारी है। डॉ. टेड्रोस ने आगे कहा कि उन्होंने चीन से जल्द से जल्द सारी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख के अनुसार, कोरोना वायरस के पहली बार उभरने के बाद से तीन से भी अधिक सालों से इसको लेकर सारी परिकल्पनाएं चर्चा की मेज तक ही सीमित हैं।

कोरोनावायरस की शुरुआत दिसंबर, 2019 में सबसे पहले चीन के बंदरगाह शहर वुहान से हुई थी। इसकी चपेट में अब तक दुनिया के 68 करोड़ 45 लाख 87 हजार 758 लोग आ चुके हैं। इनमें 65 करोड़ 74 लाख 80 हजार 712 लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 68 लाख 36 हजार 267 मरीजों की मौत हो चुकी है। दुनिया में अभी 2 करोड़ 02 लाख 70 हजार 779 मरीज ऐसे हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इसलिए फिर अनुरोध ही कर सकते हैं। सावधानी बरतें, सुरक्षित रहें।

# भूटान पर सामरिक संशय

**ब्रह्मदीप अलूने**

शीर्ष राजनयिक स्तर पर विरोधाभास उत्पन्न करने वाली स्थिति से कोई भी मित्र राष्ट्र असहज हो सकता है। भूटान के प्रधानमंत्री लोटे छूंग और नरेश जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक के भारत और चीन से सम्बन्धों को लेकर जो कूटनीतिक मतभेद सामने आएं है वह हैरान और परेशान करने वाले है।

दरअसल भूटान के प्रधानमंत्री ने विस्तारवादी चीन के अतिक्रमण और सुरक्षा खतरों को काल्पनिक बताकर नजरअंदाज करने की कोशिश की है। वहीं भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक ने भारत के साथ परम्परागत सम्बन्धों को उच्च स्थान पर रखते हुए दोनों देशों के साझा राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर पांच सूत्री व्यापक रोडमैप पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। करीब डेढ़ दशक पहले भूटान में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव हुए थे और इसके बाद वहां की लोकतांत्रिक सरकार और जनता का चीन को लेकर सकारात्मक रुख भारत की सामरिक चिंताओं को बढ़ाने वाला है।

भारत और तिब्बत के बीच बसे भूटान को भारत की सामरिक सुरक्षा के लिए बेहद अहम माना जाता है। देश की उत्तर पूर्वी राज्यों को चीनी खतरे से दूर रखने के लिए सिलीगुड़ी गलियारे का बड़ा महत्व है और भूटान की भौगोलिक स्थिति उसे सुरक्षा कवच प्रदान करती है। यही कारण है कि भारत भूटान से रिश्ते के दायित्व को बेहद जिम्मेदारी से निभाता रहा है। आज़ादी के कुछ वर्षों बाद ही 1949 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु और किंग जिग्मे वांगचुक ने भारत भूटान के मध्य मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किये थे जिसके अनुसार भूटान की सुरक्षा और विदेश नीति का संचालन भारत के हाथों में रहा। इस कारण भूटान और चीन के बीच कभी भी राजनयिक संबंध नहीं रहे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में स्थितियां बदली है और अब भूटान की युवा पीढ़ी भारत पर निर्भरता को कम करने की बात कहने लगी है।

कुछ दिनों पहले भूटान के प्रधानमंत्री लोटे छूंग ने एक साक्षात्कार में भूटान की सीमा पर चीनी अतिक्रमण के तथ्यों को ख़ारिज करते हुए कहा था कि डोकलाम एक अंतरराष्ट्रीय सीमा है और भूटान की जमीन पर कोई चीनी निर्माण नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री लोटे छूंग के इस बयान को भारत के लिए बेहद अप्रत्याशित माना गया क्योंकि 2017 में भारत और चीन के बीच डोकलाम को लेकर सैन्य तनातनी हुई थी। तब भूटान ने डोकलाम में चीन की ओर से सीमा पर अवैध निर्माण की शिकायत की थी। यह क्षेत्र भारत, चीन और भूटान के त्रिकोण पर स्थित है। चीन यहां नये निर्माण की कोशिश कर रहा था, जिसे भारतीय सेना ने रोक दिया था। खंजर के आकार की चुम्बी घाटी का डोकलाम पठार रणनीतिक रूप से भारत के लिए बेहद अहम रहा है। यह इलाका भारत, भूटान और चीन की सीमाओं के लिए चौराहे जैसा है।

भारत और चीन के बीच के दो अहम दर्रे, नाथू-ला और जेलप-ला यहां खुलते हैं। इसके पतले आकार और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ही इस गलियारे को भारत का चिकन्स नेक कहते हैं। पश्चिम बंगाल में स्थित यह गलियारा भारत की मुख्यभूमि को उसके उत्तरपूर्वी राज्यों से जोड़ता है। भारत ने यहां सड़क निर्माण पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यहां सड़क बनाने की योजना चीन की भारत को घेरने की सामरिक रणनीति का हिस्सा है। भारत को चिंता थी कि इस सड़क का काम पूरा हो गया तो देश के उत्तर पूर्वी राज्यों को देश से जोड़ने वाली बीस किलोमीटर चौड़ी कड़ी यानी मुर्गी की गरदन जैसे इस इलाके पर चीन की पहुंच बढ़ जाएगी। ये वही इलाका है जो भारत को सेवन सिस्टर्स नाम से जानी जाने वाली उत्तर पूर्वी राज्यों से जोड़ता है और सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है।



भारत तीन दिशाओं में दक्षिण, पश्चिम और पूर्व में भूटान के लिए सीमा बनाता है जबकि उत्तर में भूटान की सीमाएं चीन से लगी हुई है। भूटान भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से एक बफ़र देश है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने भू रणनीतिक स्थान के कारण भूटान भारत के लिए बेहद अहम है। भारत भूटान को बड़े पैमाने पर आर्थिक, सैनिक और तकनीकी मदद मुहैया कराता है। भारत की तरफ़ से दूसरे देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता का सबसे बड़ा लाभ अपने इस पड़ोसी देश को ही मिलता है। भूटान में सैकड़ों भारतीय सैनिक तैनात हैं और वे भूटानी सैनिकों को प्रशिक्षण भी देते है। हालांकि चीनी प्रभाव से अब स्थितियां बदल रही है। भूटान की युवा पीढ़ी भारत और चीन से समान संबंध रखना चाहती है और वे इन दोनों देशों के विवादों से दूरी बनाएं रखने की पक्षधर है।

2021 में भूटान और चीन ने एक थ्री स्टेप रोडमैप को लेकर हुआ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। जिस पर चीन ने दावा किया था कि सीमा निर्धारण को लेकर बातचीत की रफ़्तार तेज़ करने और दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को स्थापित करने में मदद करने में अर्थपूर्ण भागीदारी आगे बढ़ेगी। वहीं भूटान ने भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की और प्रतिबद्धता जताई थी। चीन की भूटान से विवाद समाप्त करने की इन कोशिशों को भारत के लिए एकतरफा और नई सुरक्षा चुनौती समझा गया।

यह भी दिलचस्प है कि माओ की नीति के अनुसार सम्पूर्ण भूटान चीन का भाग समझा जाता है। वहीं चीन के आक्रामक इरादों को भांपते हुए भारत ने भूटान की सुरक्षा कर यह सुनिश्चित किया हुआ है कि चीन किसी भी तरह इस देश पर कब्जा नहीं जमा सके। इन सबके बाद भी भूटान चीन से जो समझौते कर रहा है, वह भारत और भूटान दोनों के लिए संकट बढ़ाने वाले है। भूटान चीन से जमीन का आदान प्रदान करने की नीति पर आगे बढ़ रहा है और यह स्थिति भारत को असहज करती है। चीन और भूटान के बीच सीमा विवाद किसी से छुपा नहीं है। चीन भूटान को सहायता की कूटनीति के जाल में फंसाकर सीमा विवाद को भी हल करना चाहता है जिससे भारत पर उसे रणनीतिक बढ़त मिल सके। वह डोकलाम अर्थात् भारत-चीन-भूटान ट्राइजंक्शन के पास 269 वर्ग किलोमीटर का इलाक़ा लेकर बदले में भूटान के उत्तर में 495 वर्ग किलोमीटर का जकारलुंग और पासमलुंग घाटियों के इलाके से अपना दावा छोड़ना चाहता है। चीन जो इलाक़ा भूटान से मांग रहा है, वो भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के क़रीब है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन्स नैक भी कहा जाता है। यह भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण जो उसे पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंचने के लिए सुरक्षित रास्ता देता है। अगर चीन सिलीगुड़ी कॉरिडोर तक पहुंचने में यदि कामयाब हो जाएं तो भारत की पूर्वोत्तर की सीमा पर सुरक्षा संकट गहरा सकता है। चीन इसके बाद चुंबी घाटी तक रेल लाईन बिछा सकता है। चीन के पास पहले से ही यातुंग तक रेल लाइन की योजना है और यातुंग चुंबी घाटी के मुहाने पर है।

दूसरी और भूटान को चीन के प्रभाव से बचाएं रखने की कोशिशों में भारत ने कोई कमी नहीं रखी है। भारत के उत्तर पूर्व के प्रमुख सहयोगी राष्ट्र भूटान से मजबूत सम्बन्ध रहे है। भूटान को मिलने वाली विदेशी सहायता तथा वहां पहुंचने वाले निवेश में सबसे बड़ा योगदान भारत का ही होता है तथा भारत उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है। भूटान भारत के सहयोग और निवेश से बिजली पैदा करता है और उसे भारत को बेचता है, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद का चौदह फीसदी है। भारत तीन दिशाओं में दक्षिण, पश्चिम और पूर्व में भूटान के लिए सीमा बनाता है जबकि उत्तर में भूटान की सीमाएं चीन से लगी हुई है। भूटान के कई इलाकों पर चीन दावा जताते हुए उसे दबाव में लाने की कोशिशें करता रहा है।

यह तथ्य सामने आये है कि चीन ने भूटान में उत्तरी, पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी सीमा के भीतर अपने गांव बसा लिए है। चीन ने तीन गांव भूटान की उत्तरी सीमा के मिड-सेक्टर में बनाए हैं। दो गांव भूटान के लुहेंत्से इलाक़े उत्तर-पूर्व में हैं और बाक़ी के पांच गांव पश्चिमी सीमा के भीतर हैं। 2020 में वैश्विक पर्यावरण सुविधाओं पर आधारित एक बैठक में चीन ने यह दावा कर सबको अचरज में डाल दिया था कि पूर्वी भूटान में स्थित सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य को किसी अंतराष्ट्रीय परियोजना में इसलिए शामिल नहीं किया जा सकता क्योंकि यह चीन और भूटान के बीच एक विवादित क्षेत्र है। चीन ने भूटान के जिस क्षेत्र पर दावा किया था वह इलाका भूटान की पूर्वी सीमा पर स्थित अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले को छूता है। चीन अरुणाचल प्रदेश को अवैधानिक रूप से दक्षिणी तिब्बत बताता रहा है।

भूटान एक छोटा सा देश है और उसमें चीन से निपटने का बिल्कुल सामर्थ्य नहीं है। इसके बाद भी भूटान का एक तबका चीन से राजनयिक संबंध बढ़ाने की बात कहता है और यह आरोप लगाता है कि भारत उनके देश में अनुचित तरीके से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहा है। दक्षिण एशिया में भूटान एकमात्र ऐसा देश है जिसका चीन के साथ कोई कूटनीतिक संबंध नहीं है। कभी भारतीय नागरिकों के लिए भूटान जाना अपने ही घर में जाने जैसा होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। भूटान की सरकार भारतीयों के भूटान आने पर एसडीएफ़ यानि पर्यावरण संरक्षण के नाम से हर दिन बारह सौ रुपए का शुल्क लेती है। कोविड के चलते दुनियाभर के पर्यटकों के लिए जब यह नये नियम लागू किये गए तो भारत को इससे अछूता नहीं रखा गया।

इस समय भूटान में भारतीय सुरक्षाबल है और वे सुरक्षा के साथ ही भूटानी सैनिकों को प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। भूटान का सैनिक हेडक्वॉर्टर हा नामक शहर में है जो डोकलाम से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इससे साफ है कि भूटान में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत है और चीन इसे बाधित करने के लिए लगातार कोशिशें कर रहा है।

हाल ही में भारत यात्रा के दौरान भूटान नरेश ने भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत जांच चौकी स्थापित करने के साथ पेट्रोलियम, उर्वरक और कोयला के क्षेत्र में द्विपक्षीय साझा व्यापार बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत दिए है। भूटान नरेश के भारत से संबंध मित्रवत ही रहे है और अभी तक यह भारत के लिए बहुउपयोगी भी रहा है। लेकिन लोकतांत्रिक सरकार आने के बाद भूटान की राजनीतिक परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आ रहे है। जाहिर है दक्षिण एशिया का एक और पड़ोसी देश भारत की सामरिक चुनौतियों को बढ़ा रहा है।

# गुड फ्राइडे जश्न का नहीं शोक का दिन

गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों का त्योहार है। सुनने में ऐसा लगता है कि ये जश्न मनाने का त्योहार है, लेकिन ये जश्न का नहीं बल्कि शोक का त्योहार है। शुक्रवार के ही दिन प्रभु यीशु सूली पर चढ़ाए गए थे। भगवान ईसा मसीह ने शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहते-सहते अपना जीवन मानव जाति के लिए कुर्बान कर दिया था। इसलिए ईसाई धर्म के लोग इस दिन को गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं।

**गुड फ्राइडे का इतिहास-**

2004 साल पहले प्रभु ईसा मसीह यरुशलम में रहते थे। वे मानवता और कल्याण के लिए भाईचारे, एकता और शांति के उपदेश दिया करते थे। लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दूत मानते थे। इसलिए कुछ पाखंडी धर्मगुरुओं ने यहूदी शासकों के कान यीशु के खिलाफ भरने शुरू किए। एक दिन उनके खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा चलाकर उन्हें सूली पर चढ़ाने का फरमान जारी कर दिया गया। प्रभु यीशु को कांटों का ताज पहनाया। इसके बाद सूली को कंधे पर



उठाकर ले जाने के लिए मजबूर किया और फिर कीलों से ठोककर उन्हें सूली पर लटका दिया गया।

**प्रभु यीशु के आखिरी शब्द क्या थे?**

ईसा मसीह की क्षमा शक्ति अद्भुत मिसाल मानी गई। सूली पर लटकाने से पहले उन्हें कांटों का ताज पहनाया गया। इसके बाद भी उनके मुंह से सिर्फ क्षमा और कल्याण के संदेश ही निकले। जिन लोगों ने यीशु को सूली पर लटकाया उनके लिए मृत्यु से पहले उन्होंने कहा कि हे ईश्वर, इन्हें क्षमा करें क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।

**यीशु के आखिरी वक्त में आया जलजला**

ईसाई धर्म की पवित्र बाइबिल में यीशु को सूली पर चढ़ाने की घटना के बारे में विस्तार से बताया गया है। प्रभु यीशु को पूरे 6 घंटों तक सूली पर लटकाया गया था। उनके आखिरी 3 घंटों में चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा छा गया था। यीशु ने जब प्राण त्यागे तो एक जलजला-सा आ गया था। कब्रों की कपाटें टूट गईं और दिन में अंधेरा हो गया। इसलिए गुड फ्राइडे के दिन दोपहर 3 बजे चर्च में प्रार्थना सभाएं होती हैं, लेकिन किसी भी तरह का जश्न और समारोह नहीं होता।

**ईस्टर को जीवित हो उठे प्रभु यीशु**

गुड फ्राइडे के 3 दिन बाद ईस्टर मनाया जाता है। सूली पर चढ़ाने के 3 दिनों बाद प्रभु यीशु जीवित हो उठे थे। ऐसा माना जाता है कि कब्र का पत्थर अपनी जगह पर नहीं था। कब्र में यीशु का शरीर भी नहीं था। प्रशु यीशु प्रकट हुए और कहा कि मैं जीवित हो उठा हूं।

जाओ सबसे कह दो कि परम पिता परमेश्वर की संतान पुनः धरती पर आ गए हैं। ये कहकर प्रभु यीशु अदृश्य हो गए। प्रभु यीशु जीवित होने के 40 दिनों तक धरती पर रहे और फिर स्वर्ग लोक लौट गए। धरती पर रहने के दौरान उन्होंने अपने शिष्यों को उपदेश दिए और धर्म, कर्म, शांति के साथ मानवता की शिक्षा दी।

# खुलती करप्शन फाइल्स, भावी पॉलीटिकल लाइफ स्टाइल

**सरयूसुत मिश्र**

जब भी भारत-पाकिस्तान के बीच में युद्ध या युद्ध जैसे हालात होते हैं तो देश सारी आंतरिक समस्याओं को भूल कर एकजुट खड़ा हो जाता है. देश ऐसी एकजुटता की भ्रष्टाचार के खिलाफ भी मांग कर रहा है. राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी और कांग्रेस दो ही दल हैं जो सरकार बनाने के दावेदार माने जाते हैं. किसी भी शुभ काम के लिए शुरुआत मंगलाचरण से होती है. भ्रष्टाचार को मिटाने के इस शुभ काम का मंगलाचरण मोदीचरण के साथ चालू हुआ है. अभी मोदी के प्रधानमंत्री के दो कार्यकाल पूरे होने में एक साल का समय बाकी है लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध की राजनीति आर-पार पहुंच गई दिखाई पड़ रही है.

युद्ध में दो पक्ष होते हैं. भ्रष्टाचार के युद्ध में भी वैसे तो अलग-अलग देखा जाए तो दो ही पक्ष होते हैं. भ्रष्टाचार का आरोप और जांच-दंड की प्रक्रिया एवं एजेंसी. भ्रष्टाचार पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप नया नहीं है लेकिन अब हालात निर्णायक युद्ध के करीब दिखाई पड़ रहे हैं. राजनीतिक दलों के बीच एकता का फेविकोल और बिखराव की धार भ्रष्टाचार बना हुआ है.

लोकतांत्रिक सरकारों के हिस्सेदार रहे या वर्तमान में हिस्सेदार राजनीतिक दलों ने देश की सर्वोच्च अदालत में भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एजेंसियों की कार्यवाही पर आपत्ति करते हुए याचिका लगाई है. भारत में सत्ता में अधिकारों का दुरुपयोग और राजनीतिक दलों के विरोधियों को टारगेट करने के मामले पहले भी आते रहे हैं लेकिन भारतीय न्याय व्यवस्था ने कभी भी किसी निर्दोष को दंड का भागीदार नहीं बनने दिया है. भ्रष्टाचार की जांच ही यदि शुरू नहीं होगी तो फिर भ्रष्टाचार मिटाने का अंतिम लक्ष्य कैसे पूरा होगा?

यह मान भी लिया जाए कि सत्ताधारी पार्टी राजनीतिक विरोधियों को टारगेट करने के लिए एजेंसी का उपयोग कर रही है तो भी मूल मुद्दा भ्रष्टाचार के मामले हैं. जब मामला ही नहीं होगा कोई कैसे जांच एजेंसी का उपयोग या दुरुपयोग करेगा? लोकतंत्र में सत्ता कभी स्थाई नहीं होती इसलिए संवैधानिक एजेंसियां को प्रतिबंधित करने के प्रयास स्वीकार नहीं किए जा सकते.

कांग्रेस और राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी से प्रधानमंत्री के रिश्तों को लेकर अडानी की प्रगति और विकास को राजनीतिक रूप से जोड़ने की कोशिश की है. उनके द्वारा बार-बार सवाल उठाया जा रहा है कि अडानी की शेल कंपनियों में 20 हज़ार करोड़ रुपए किसके हैं? अगर राहुल गांधी को यह पता है कि किसके हैं तो फिर इंतजार किस बात का करना? उन्हें तथ्य और प्रमाण के साथ इसे उजागर कर देना चाहिए.

भारत में लोकतंत्र के इमोशन के साथ खेलते हुए राजनैतिक उपलब्धि हासिल करने का इतिहास रहा है. बोफोर्स के मामले में राजीव गांधी के साथ उन्हीं की पार्टी के एक नेता ने इसी तरीके का इमोशनल कार्ड यूज किया था. विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कभी भी बोफोर्स पर सीधा आरोप नहीं लगाया था. केवल इसमें दलाली की बात उछाल कर ऐसा राजनीतिक माहौल बनाने में सफलता हासिल की थी कि इस मामले में भ्रष्टाचार हुआ है.

गांधी परिवार ने ऐसी परिस्थिति को भोगा है. बिना तथ्यों के इमोशनल आधार पर किसी की छवि को खराब करने के दर्द का गांधी परिवार बखूबी भुक्तभोगी है. वहीं जिन बोफोर्स तोपों में ख़रीदी में भ्रष्टाचार के मुद्दे ने देश की सियासत को बदल दिया था वही बोफोर्स तोप सेना का गौरव बनी हुई हैं. इन तोपों ने कारगिल युद्ध में दुश्मन के दांत खट्टे करने में अहम भूमिका निभाई थी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों बहुत गंभीर बात कही है कि उनकी छवि को खराब करने के लिए कुछ लोगों द्वारा सुपारी ली गई है. मोदी की अच्छाइयां और कमियां राजनीतिक मुद्दा हो सकती हैं लेकिन जिस एक बात पर देश में आम सहमति है वह है पीएम मोदी की ईमानदारी. नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार से जोड़ने की जब-जब कोशिश की गई है तब तक उसका उल्टा असर आरोप लगाने वाले पर ही पड़ा है. किसी उद्योगपति से या किसी भी व्यक्ति से रिश्ता होना उसकी प्रगति या उसकी किसी भी गलती के लिए कैसे जिम्मेदार माना जा सकता है?

अडानी के जो भी वित्तीय मामले हैं, उनकी जांच सुप्रीम कोर्ट में हो रही है. सच्चाई सामने आएगी लेकिन इशारे और इमोशनल पॉलिटिक्स की राजनीति किसी के व्यक्तित्व और छवि को धूमिल करने के लिए उपयोग करना राजनीतिक रूप से फायदेमंद नहीं हो सकता.

बीजेपी द्वारा 'कांग्रेस फाइल्स' में यूपीए सरकार के समय हुए घोटालों को सिलसिलेवार बताया जा रहा है. इस वेब सीरीज का टैगलाइन है 'कांग्रेस मतलब करप्शन'. कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, 2त्न घोटाला, पेंटिंग की खरीदी के संबंध में किए गए घोटाले के एपिसोड आ चुके हैं. विभिन्न चैनलों और मीडिया में इनको दिखाया और प्रकाशित किया गया है.

कांग्रेस की ओर से इन एपिसोड पर उनका पक्ष देने वाला एपिसोड सोशल मीडिया में दिखाई अब तक नहीं पड़ा है. कोई भी घर कितना बड़ा क्यों ना हो लेकिन उसके अंदर की सुंदरता उसमें लगे पत्थर और टाइल्स से दिखाई पड़ती है. इसी प्रकार किसी भी सरकार में 'करप्शन फाइल्स' उस सरकार की नीति नियत और कर्म को बताते हैं. भ्रष्टाचार के मामले में चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष हो, बिना तथ्यों और प्रमाण के आरोप-प्रत्यारोप के लिए आगे नहीं बढ़ना चाहिए. इससे ना केवल निजी व्यक्ति की छवि खराब होती है बल्कि लोकतंत्र बदनाम होता है।

भ्रष्टाचार पर प्रतिबद्धता के साथ वार करने वाले जिस तरह के कदम उठते हुए दिखाई पड़ रहे हैं उससे यह भरोसा मजबूत हो रहा है कि भारतीय लोकतंत्र की भावी पॉलीटिकल लाइफ स्टाइल 'करप्शन फाइल्स' से अलग होगी।

## तू सर्व शक्तिमान नारी है

**तू अब शस्त्र उठा ले,**
**तू दुर्गा, तू काली है !!**
**तू अबला बन के जीती है,**
**जबकि तू इस संसार की माली है !!**
**बहुत हो गया अत्याचार,**
**यूं कब तक बनेगी तू लाचार !!**
**अब नहीं है कान्हा नहीं हैं राम**
**जो बचा सके तेरा आचार !!**
**ये वसुधा तेरी ये अम्बर तेरा,**
**यूं कब तक जलाई जाओगी !!**
**ये कलयुग है , पापी रावण का,**
**ऐसे ही दबाई जाओगी !!**
**शस्त्र उठा तू दुर्गा बन, तू काली बन,**
**तू लक्ष्मी बाई की वंशज है,**
**प्रचण्ड रूप तू धारण कर,**
**दुष्ट दुर्योधन के काल निशाचर का**
**अब तू ही तो कारण बन !!**
**सतयुग से यूं कलयुग तक ,**
**कब तक सहती जाओगी**
**गंगा के निर्मल पानी जैसा यूं**
**कब तक चुप हो के बहती जाओगी !!**
**अब राक्षसों के गर्दन,**
**धड़ से अलग करने की बारी है !!**
**हे दुर्गा तू अपने रूप में आजा,**
**तू सर्व शक्तिमान नारी है !!**

**- भूमिका श्रीवास्तव, रायसेन**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का वनखेड़ी में सम्मान



इटारसी - बनखड़ी । पूर्व मुख्यमंत्री व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ का नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी आगमन पर कांग्रेसजनो ने भव्य स्वागत किया वही नर्मदापुरम कांग्रेस परिवार की ओर से कमलनाथ को कृषि प्रधान जिला होने पर मुख्य कृषि यंत्र ÷हल÷ स्मृति चिन्ह के रूप में भेट किया।

स्मृति चिन्ह ÷हल÷ भेट करने के दौरान प्रमुख रूप से जिला संगठन प्रभारी विधायक संजय शर्मा,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पराज पटेल,मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मालवीय,प्रदेश कांग्रेस महासचिव मनीष राय, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर,पूर्व पार्षद इरशाद अहमद सिद्दीकी,कांग्रेस नेता नीरज चौधरी,राजाभैया पटेल उपस्थित थे।

## युवा मोर्चा ने मनाया स्थापना दिवस



शिवपुरी - भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा नगर मंडल द्वारा युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि नए मतदाताओं को भाजपा द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं के बारे में जानकारी देना इस चौपाल का उद्देश है जिसमे मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष राजू बाथम , पार्टी के मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी , युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष नवनीत सैन, पार्टी के मंडल महामंत्री रीतेश जैन,मोर्चे के जिले के पदाधिकारी आशीष बिंदल ,विवेक उपाध्याय , दीपक राठौर ,निकेतन शर्मा ,प्रतीक निगम , मोर्चे के मंडल के पदाधिकारी एवम नवमतदाता साथी उपस्थित रहे।

## लाड़ली योजनाः नशेड़ी कर्मचारी निलंबित

शिवपुरी - प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना में लापरवाही बर्दाश्त नही की जा रही है । कई विभागो के अधिकारी और कर्मचारियों की इस योजना में लगा दिए है। प्रतिदिन इस योजना में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को नोटिस दिए जा रहे है। इसी क्रम में नगरपालिका के एक नशेड़ी कर्मचारी को काम में लापरवाही बरतने के लिए सस्पेंड करने का मामला सामने है।जानकारी के अनुसार शिवपुरी शहर के वार्ड क्रमांक 9 और 10 में लगाए जा रहे शिविर में पात्र महिलाओं की ई केवाईसी के लिए नगर पालिका के कर्मचारी सहायक ग्रेड 3 राकेश कुशवाहा की ड्यूटी लगाई थी। राकेश कुशवाहा शिविर में नशे की हालत में पहुंचा और फोटो सेशन कराकर बिना किसी सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के गायब हो गया। इस मामले में राकेश कुशवाहा को नोटिस भी जारी किया गया ,राकेश के गायब होने के बाद कार्य दूसरे कर्मचारी को सौंपना पड़ा। इस मामले में नगर पालिका सीएमओ केशव सिंह सगर ने राकेश कुशवाहा को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में कुशवाहा को नियानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की नियमानुसार पात्रता रहेगी तथा मुख्यालय नगर पालिका परिषद शिवपुरी रहेगा।

## मृतक के वारिसान को आर्थिक सहायता स्वीकृत

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार हार्वेस्टर एक्सीडेंट में मृत व्यक्ति के निकटतम वारिस को 15 हजार रुपये आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अधिकृत जानकारी के अनुसार बीते वर्ष की 16 मार्च 2021 डिकौली गुलगंज तिगड्डा हार्वेस्टर एक्सीडेंट सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति नथुवा तनय दसैया चढार के निकटतम वारिस पत्नि श्रीमती कसिया चढ़ार निवासी कुरी को आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## पशुओं को चारा-भूसा की आपूर्ति बनाये रखने के लिए जिले के बाहर निर्यात बंद

छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतरपुर संदीप जीआर ने जिले में पशु चारे की कमी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये जिले में पर्याप्त चारा-भूसा की आपूर्ति बनाये रखने हेतु जिले के सीमावर्ती जिलों व अन्य राज्यों में पशु के चारा-भूसा के निर्यात तथा ईधन के रूप में दुरूपयोग रोकने पर प्रतिबंध लगाते हुये सभी प्रकार के चारे, घास, कड़वी, पैरा (ज्वार एवं धान के डंठल) आदि को जिले से बाहर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है। जारी आदेशानुसार कोई भी कृषक, व्यापारी या निर्यातक व्यक्ति, किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशु के चारा-भूसा का परिवहन किसी वाहन, नाव मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा छतरपुर जिले के बाहर सीमावर्ती जिलों अथवा राज्य में बिना अनुज्ञा के निर्यात नहीं करेगा और ना ही कोई ईधन के रूप में दुरूप्रयोग करेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## पंचायतों एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची का कार्यक्रम जारी

छतरपुर,। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2023 हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन छतरपुर ने बताया कि फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची प्रारूप का ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के विहित स्थानों पर 6 अप्रैल को सार्वजनिक प्रकाशन होगा। इसी दिन से 18 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक दावे आपत्ति प्राप्त किये जाएगे। प्राप्त आपत्तियों के निराकरण हेतु 25 अप्रैल तक आवेदन लिये जा सकेंगे।

# अवैध खनन से शैल चित्रों का अस्तित्व संकट में



रायसेन। अमन श्रीवास्तव। जिला मुख्यालय से सटे हुए प्राग ऐतिहासिक काल के शैल चित्रों को देखने न केवल भारतीय पर्यटक ही आते हैं वरन सात विदेशों से भी शेलानी इन भित्तिचित्रों को देखने आते हैं इस शिलचित्रो का न तो संरक्षण ही हो रहा बल्कि अवैध मुरम खनन से इनका अस्तित्व ही संकट में पड़ा हुआ है । इस शैल चित्रों को आज से लगभग 10 से 20 हजार वर्ष पहले आदिमानवों ने पत्थरों पर उकेरा जिनको बचाने न तो खनिज विभाग जागा और न ही जिला प्रशासन जिससे यह शैलचित्रों का अस्तित्व संकट में है ।

रायसेन के प्राचीन दुर्ग की तलहटी से लगे हुए पहाड़ की चट्टानों पर 10 से 20हजार वर्ष पहले आदिमानवों ने इन गुफाओं में भित्तिचित उकेरे इन शैल चित्रों में डायनासोर, गेंडा, घोड़ा, पशु पक्षी सहित अन्य भित्ति चित्र हैं जो आज देख रेख में अवैध खनन से नष्ट होने की कगार पर है । स्थानीय पुरातत्व प्रेमी भी इस अवैध खनन से संकट में पड़े शैल चित्रों के अस्तित्व को लेकर चिंतित है। ऐसी मान्यता है की भगवान राम ने भी वनवास के समय राम छज्जा पर चातुर्मास व्यतीत किया था और इस राम छज्जा के शैल चित्रों को लेकर कई इतिहासकारों ने लिखा जिसमें पुरातत्वविद स्वर्गीय रमाशंकर मिश्र सहित अभी हाल ही में स्पेन से आए इतिहासकार ने भी अपनी पुस्तक मे इन भित्तिचित्रों को सहेजने कलेक्टर अरविंद दुबे से चिन्ता जताई थी उसके बाद भी इन शेलचित्रो के पास हो रहे अवैध खनन को रोकने में खनिज विभाग की नाकामी से हजारों साल पुराने शैल चित्रों का अस्तित्व संकट में नजर आ रहा है । स्थानीय इतिहास के जानकार राजीव चौबे ने इस अवैध खनन से नष्ट हो रहे शेक चित्रों को बचाने की गुहार लगाई और बताया कि दक्षिण अफ्रीका में पुरातत्व महत्व के स्थान पर चल रही सोने की खदाने वहां की सरकार ने बंद करवादी तो फिर यह शैल चित्र को बचाने जिला प्रशासन को गंभीर होना चाहिए । वहीं खनिज विभाग के अधिकारी अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ते नजर आए ।

## सीएम हेल्प लाइन शिकायत निराकरण के संबध में सीएमओ ने शाखा प्रभारियों की ली बैठक

छतरपुर। नगर पालिका के सभाकक्ष में गुरुवार को सीएम के द्वारा सीएम हेल्पलाइन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शाखा प्रभारियों को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणो का निराकरण जवाबदारी के साथ करने के निर्देश दिए, साथ ही इस कार्य में लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्यवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में ही 50 आवेदकों से फोन से बात की और 50 आवेदकों को बैठक में बुलाकर शिकायत के संबंध में चर्चा की और संबंधित शाखा प्रभारी को 24 घंटे के अंदर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। यह बैठक सुबह 11 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक लगातार चली।बैठक के दौरान सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने सभी शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया कि, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण व्यक्तिगत जवाबदेही के साथ जल्द से जल्द करें। इसके साथ ही निराकरण के दौरान संबंधित आवेदको से फोन पर चर्चा भी करें ताकि शिकायत का समय सीमा के अंदर निराकरण हो सके। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में गंभीरता पूर्वक ध्यान दें, जरा सी लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी शाखा प्रभारी अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारियों से अपडेट रहें ताकि समय सीमा में नगरीय निकाय क्षेत्र के निर्माण कार्य पूर्ण हो और लोगों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर सहायक यंत्री देवेंद्र धाकड़, मुख्य लिपिक टीडी अहिरवार, उपयंत्री बाबूराम चौरसिया, उपयंत्री एसएन अंसारी, उपयंत्री नीतेश चौरसिया, उपयंत्री सृजन गुप्ता, उपयंत्री शशि सिंह, स्वच्छता निरीक्षक संजेश कुमार नायक, सहायक मानचित्रकार विद्या पटेरिया, राजस्व प्रभारी राजेंद्र नापित, राशन कार्ड शाखा प्रभारी उमाशंकर खरे, स्टोर प्रभारी पंकज जैन के साथ शिकायतकर्ता आवेदक मौजूद रहे।

### मुख्यमत्री आपके राज मे ये कैसा अन्याय

## एक कर्मचारी को दण्ड दूसरे को अभयदान

शहडोल। शहडोल के बहुचर्चित डीपीसी श्री मदन त्रिपाठी उर्फमुन्ना भैया कोतमा विधानसभा ने बिना सरकारी नौकरी छोड़े जिस प्रकार कोतमा विधानसभा में अपना प्रचार प्रसार कर रहे है इससे ऐसी अनुशासन हीनता प्रदेश में फैल रही है, जिससे पुरे समाज में असंतोष व्याप्त है । मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965का एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का खुला उल्लंघन कर रहे है ।शहडोल,अनुपपुर के कलेक्टर एवं शहडोल कमिश्नर ने जिस तरह से आँखे मूंदी हुयी है लगता है कि कानून का राज्य मध्यप्रदेश में बचा ही नहीं है ।इनके द्वारा पूर्व में किये गए घोटालो के लिए वर्ष 2018 से कमिश्नर को कार्यवाही के लिए भेजी गयी रिपोर्ट कि दुबारा जांच अभी तक पूरी नहीं हुयी और न ही दंड मिला है ।साथ ही तत्कालीन अध्यक्ष जिला पंचायत श्री नारेन्द्र सिंह मरावी द्वारा काफी शिकायत की गयी, आन्दोलन किया गया ,पूर्व जिला पंचायतअध्यक्ष की शिकायत पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश में ही इन्हें 2018 में मूल विभाग वापस किया गया था ।

लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश को भी धता बताकर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर से स्टे लेकर मार्च 2023 तक एवं खूब भ्रष्टाचार किया जिसकी आये दिन शिकायते होती है,लेकिन प्रशासन ने कभी कार्यवाही नहीं की । सेवा में रहते हुए नित नवीन घोटाले कर करोडो के आसामी बने कर्मचारी जिसने अपने पूरे परिवार को आधुनिक भागीरथ बनकर भ्रष्टाचार की गंगा में जिस तरह नहलाया है शायद ही किसी ने किया हो । लेकिन इसी बीच विधायक बनने कि महत्वकांछा उत्पन्न हो गयी एवं सेवा में रहते हुए शासकीय धन एवं प्रभाव से विगत 1 वर्ष से विधान सभा कोतमा में प्रचार चालू कर दिया द्यपत्रकारों को झूठी खबर दी कि मै टटै ले रहा हू। और आज तक टटै का आवेदन कही नहीं दिया । जबकि आज भी वह शासकीय सेवा में है वर्तमान में आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल में पदस्थ है । प्रशासन को है बहुत प्रियः शहडोल प्रशासन का इनके प्रति प्रेम किसी से छुपा नहीं है । 7 मार्च को डीपीसी के पद से मुक्त करने के बाद भी प्रशासन ने इन्हें सर आँखों पर बिठा रखा है जिसका उदहारण मुख्यमंत्री जी के 5 अप्रैल को व्योहारी आगमन पर दी गयी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से परिलक्षित हुआ ।

**राजनैतिक गतिविधियो कि झलकिया-** मदन त्रिपाठी मुन्ना भैया कोतमा विधानसभा लिखकर फेसबुक पेज चलने वाले ,सभी समाचार पत्रों पर अपनी न्यूज चलाने में माहिर मदन त्रिपाठी कमिश्नर एवं सांसद के साथ भी मंच साझा कर चुके है, स्वयं को भाजपा कि टिकट मिल गयी बताकर जिस तरह से राजनितिक गतिविधियों में संलग्न है यह तो मात्र कुछ उदाहरण ही है ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ख्याति संपूर्ण विश्व में गुंजायमान है : प्रीतम सिंह

### भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर महिलाओं ने ली सदस्यता



दमोह । दमोह भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी 22 मंडलों के सभी 1164 बूथ पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पार्टी के ध्वज को फहराया गया और बूथ स्तर के करणीय कार्यो को लेकर चर्चा की गई। भाजपा की विचारधारा से प्रेरित होकर महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने मां भारती और भाजपा के पितृ पुरुषों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भाजपा के ध्वज को फहराया तथा सभी को शुभकामनाएं दीं, साथ ही दीवार लेखन के माध्यम से ÷ एक बार फिर भाजपा सरकार÷ का नारा दे कर प्रत्येक बूथ तक दीवार लेखन मुहिम की शुरुआत की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलने वाले सामाजिक न्याय सप्ताह की शुरुआत हुई।

स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुआ प्रीतम सिंह कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह अमृत काल चल रहा है पंच से लेकर देश के प्रधान तक भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि हैं। पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का जो मंत्र है उसी पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और देश की सरकार योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। भारतीय नागरिकों का सपना था कि भारत का नाम संपूर्ण विश्व में गुंजायमान हो। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व में भारत की ख्याति गूंज रही है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम मना रहे हैं।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने भी भाजपा की स्थापना से लेकर विकास यात्रा की जानकारी दी। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में विचार की राजनीति करने वाली पार्टी भाजपा हैं, जिसने सत्ता में आते ही सभी पिछड़े और गरीब लोगों के कल्याण के लिए कार्य करके भारत को समृद्ध बनाया है। स्थापना दिवस समारोह और सामाजिक पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने आगामी सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। ध्वजारोहण के बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया जिसे कार्यालय में एलईडी के माध्यम से जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में देखा गया। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखा जैन ने स्थापना दिवस की बधाई शुभकामनाएं दी। स्थापना दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा नगर उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी चौबे ने भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह से श्रीमती आरती सिंह गौर, दृष्टि राजपूत, प्रीति नामदेव को भाजपा की पट्टी पहना सदस्यता दिलाई7

एवं रानी दमयंती नगर मंडल भाजपा के शक्ति केंद्र 4 के बूथ क्रमांक 234 पर स्थापना दिवस मनाया एवं नगर उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी चौबे में मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी के साथ जिला कार्यालय मंत्री एडवोकेट रामलाल उपाध्याय से श्रीमती बेबी रैकवार श्रीमती गंगा साहू, श्रीमती बबीता अहिरवार भाजपा की सदस्य दिलाई।

जिला कार्यालय में कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, विधान सभा विस्तारक गौरव जैन, जिला मंत्री संजय यादव, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन, शिव शंकर कुशवाहा, आई टी प्रभारी रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिखा जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद पटेल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भारत यादव, दमयंती मण्डल अध्यक्ष पवन तिवारी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला संयोजक कोशलेंद्र पांडेय, शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक विक्रम सिंह राजपूत, देवल कोरी, विकास नामदेव, अनुराधा गोस्वामी, विजय लक्ष्मी चौबे, पार्षद संगीता सतीश जैन,सुमन पटेल सुमन मिश्र, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी रश्मि चौबे, हर्ष पटेल, पंकज सेन सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नव मतदाताओं को 2003 के पूर्व के प्रदेश की दुरावस्था बताएं पार्टी कार्यकर्ताः विष्णुदत्त शर्मा

बैरसिया। वर्तमान समय विकास की दृष्टि से मध्यप्रदेश के लिए स्वर्णिम काल है। लेकिन 2003 के पहले यह स्थिति नहीं थी। सड़क, बिजली, पानी की उपलब्धता ऐसी नहीं थीं। लेकिन हमारे नव मतदाता, जिनका जन्म 2003 के बाद हुआ है, उन्होंने प्रदेश की उस दुरावस्था को नहीं देखा। युवा चौपाल का उद्देश्य यही है कि नव मतदाताओं को प्रदेश की उस दुरावस्था की जानकारी दी जाए। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल ग्रामीण के हर्राखेड़ा मंडल में आयोजित युवा चौपाल को संबोधित करते हुए कही।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक पंचायत पर 11 युवाओं की समिति गठित कर नव मतदाताओं को संगठन से जोड़ने का भाजपा युवा मोर्चा का यह अभियान अभिनंदनीय है। पंचायत स्तर की यह समितियां ही युवा चौपालों के आयोजन में समन्वय करेंगी। श्री विष्णुदत्त शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए खेल, कला, समाजसेवा, शिक्षा आदि के क्षेत्र में सक्रिय युवाओं की जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। युवाओं से नशे के खिलाफ काम करने का आह्वान करते हुए विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि नशा एक बुराई है, लेकिन यह प्रवृत्ति काफी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में स्वच्छता अब सिर्फ नारा नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के उपरांत अब यह एक जनअभियान बन गया है। जन सहयोग से ही इंदौर शहर ने स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं और लगातार देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार जीत रहा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने युवाओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि अपनी - अपनी ग्राम पंचायत में प्रत्येक बूथ पर आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में 51 प्रतिशत वोटशेयर हासिल करने के लिए कार्य करेंगे।

**युवा समिति अध्यक्ष का किया अभिनंदनः** युवा चौपाल के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने पंचायत की 11 सदस्यीय युवा समिति के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने समिति के अध्यक्ष श्री प्रीतम कुशवाहा को मंच पर बुलाकर पुष्पहार से उनका अभिनंदन भी किया। दीवार लेखन किया, ट्रायसिकल वितरित कीप्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर हर्राखेड़ा मंडल के बूथ क्रमांक 206 पर दीवार लेखन किया।

**दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजनः** गुरुवार को नगर के सिविल अस्पताल में दिव्यांग जनों स्वास्थ्य परीक्षण एवं कृत्रिम अंग वितरण मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया इसमें नए दिव्यांग को उनके स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए वितरण कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए थे उन्होंने कहा कि भाजपा ने सभी योजनाओं को हर एक तक पहुंचाने का कार्य किया है दिव्यांगजन भाई बहन भी हमारी शक्ति है इनको विकास की मूल धारा से जोड़ना हमारा कर्तव्य है इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री ने कहा शासन द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है आयुष्मान कार्ड योजना हो या अन्य कोई योजना का लाभ सभी को मिलना चाहिए इसके लिए हमारी भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है ।समय-समय पर शिविरों के माध्यम से हम सभी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कर, 42 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 18 हमराही साइकिल, 4 व्हील चेयर, प्रदाय एवं 11 लोगों को कृत्रिम अंग लगाए गए, तथा एक व्यक्ति को सेलफोन प्रदान किया ।

## मुख्यमंत्री रतलाम में करेंगे लगभग 1350 करोड़ रुपए के विकास कार्यो का लोकार्पण, शिलान्यास

रतलाम 7 मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 अप्रैल को रतलाम आकर जिले को विकास की बड़ी सौगात देंगे। स्थानीय पोलोग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 1350 करोड रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री शासकीय विभागों की विकासात्मक गतिविधियों, योजनाओं, कार्यक्रमों उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। पोलो ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान लाडली बहना योजना की हितग्राही लगभग एक लाख बहनों से सीधी चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को मुख्यमंत्री भू-आवासीय अधिकार पत्रों (पट्टो) का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के पीछे अंबेडकर भवन में लाडली बहना पंजीयन केंद्र पहुंचकर मुख्यमंत्री लाडली बहनों के पंजीयन की कार्रवाई में भाग लेंगे। इसी परिसर में मुख्यमंत्री द्वारा पेसा एक्ट के मोबिलाइजर तथा यंग अचीवर से संवाद किया जाएगा।रतलाम में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिले की लाडली बहनों में जबरदस्त उत्साह है। पोलोग्राउंड पर लगभग एक लाख लाडली बहनों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में लाडली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री को 100 फीट लंबाई की राखी और धन्यवाद पत्र सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के हितलाभ वितरण भी करेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर नगर हुआ भक्तिमय, निकाली भव्य शोभायात्रा

ओबैदुल्लागंज। सुरेश केवट.. हिंदू मान्यताओं में कुछ लोग आज का दिन हनुमान जन्मोत्सव कहते हैं और कुछ लोग हनुमान जयंती कहते हैं। हिन्दू पंचांग में कही पर हनुमान जयंती लिखा होता है और कुछ जगहों पर हनुमान जन्मोत्सव भी लिखा होता है। लेकिन मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी के जन्मदिन को जयंती नहीं बल्कि जन्मोत्सव कहा जाना उचित होगा। दरअसल, जयंती और जन्मोत्सव दोनों का तात्पर्य जन्मदिन से होता है। लेकिन, जयंती का प्रयोग उनके लिए किया जाता है, जो जीवित है ही नहीं। लेकिन यहां बात भगवान हनुमान जी की जाए तो इन्हें कलयुग का अमर देवता माना गया है।

ओबेदुल्लागंज नगर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया। जिसकी आलौकिक भव्य शोभायात्रा निकाली गई एवं जय हो महावीर तेरी जय हो रघुवीर तेरी.. जयघोष से पूरे शहर भक्तिमय हो गया। हनुमान जन्म उत्सव समिति, हिंदू उत्सव समिति, धार्मिक एवं सामाजिक संघटन, नगर के सभी श्रद्धालुओं एवं समस्त नगर वासियों एवं बड़ी संख्या में पधारे आसपास के ग्रामीणों ने बड़े श्रद्धा भाव भक्ति से नगर के श्रीराम मंदिर पहुंचकर हनुमान जी की आरती, हनुमान चालीसा, अखंड रामायण एवं जगह जगह भंडारा, एवं आने जाने वाले भक्तों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने प्रसादी, ठंडा पानी, फल वितरण करने के लिए स्टॉल लगाए एवं हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे नगर को भगवामय किया गया इसके लिए भगवा झंडों, झालरों, बैनर, पोस्टर, भक्तिमय संगीत के लिए डीजे साउंड एवं चमकीली लाल, पीली, नीली एवं सफेद लाइट से पूरा नगर जगमगा रहा था। मानों जैसे आज दीपावली हो।



ओबेदुल्लागंज नगरी में हनुमान जन्मोत्सव से धार्मिक माहौल, भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति, से नगर को भगवामय बनाने में युवा वर्ग में उत्साह, उमंग, मेहनत, हिन्दुत्व एवं अपने धर्म, आस्था के लिए जो भक्ति दिखी वह अतुलनीय एवं अकल्पनीय है। वहीं नगर मैं जगह जगह विशाल भंडारे का आयोजन सुबह से प्रारंभ हो गए दिन भर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से पधारे श्रद्धालुओं ने भंडारों में भक्ति भाव से भोजन प्रसादी कर भगवान का स्मरण, भजनों एवं राम धुन से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। संध्या काल होते ही शोभा यात्रा में शामिल होने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ नगर की सड़को के दोनो ओर कतार में देखने को मिली। सभी श्रद्धालु शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए लालायित दिखे।

*हनुमान जी का स्वरूप एवं शोभा यात्रा बनी भक्तिमय आकर्षण का मुख्य केंद्र।*

*हरिद्वार से मंगाया भगवान हनुमान जी का स्वरूप रहा मुख्य आकर्षण।*

शोभायात्रा में श्री हनुमान जी का स्वरूप को नगर भ्रमण ने शोभायात्रा को भक्तिमय बनाया कार्यक्रम की भव्यता के लिए हनुमान जी का स्वरूप हरिद्वार से मंगाया और महाराष्ट्र मुलताई से बैंड पार्टी द्वारा शानदार प्रदर्शन हुआ। ट्रॉले की साज-सज्जा रंगीन लाईट के साथ,भगवान श्री राम लक्ष्मण जी का मनमोहक स्वरूप शोभा यात्रा का रहा आकर्षण ने बनाया भक्तिमय माहौल।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

(सीवेज शाखा)

**निविदा आमंत्रण**

क्रं. 16 /ज.शा/2023-24 भोपाल दिनांक 06.04.2023

निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र अ में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्ते http:mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_257524_2 | PROVIDNG LAYING AND JOINTING SEWAGE PIPE LINE AT KRISHNAPURAM COLONY WARD 85 ZONE 19 Estimate based on SOR. -MPUADD Water supply Sewerage and tube well Works, 2021 | 769225/- | 7692/- | 2000/- |
| | 2023_UAD_257520_2 | Providing, Fixing And Laying of Sewage Pipeline Along with Maintenance And Cleaning of existing line at Anuja Village Colony, Ward 84 Zone 19.Estimate based on SOR.-MPUADD Water supply Sewerage and tube well Works, 2021 | 779806/- | 7798/- | 2000/- |

**नियम व शर्ते :-**

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
2. धरोहर राशि केवल ऑनलाईन ही मान्य होगी।
3. सफल निविदाकार को ठेके की राशि के 3 प्रतिशत राशि के बराबर परफारमेन्स सिक्यूटी जमा करना अनिवार्य होगा।

नि.क्र. 16/023/024

कार्यपालन यंत्री

सीवेज शाखा नगर निगम भोपाल

# बाग प्रिंट से मध्यप्रदेश हुआ गौरान्वित, देश-विदेश में बनाई पहचान



विशेष लेख
ताहिर अली

विश्व भर में जाना-माना बाग प्रिन्ट मध्यप्रदेश के धार जिले के छोटे से कस्बे में प्राकृतिक रंगों से वस्त्रों पर की जाने वाली परम्परागत ठप्पा छपाई शिल्प है। सर्वप्रथम इसमाईल सुलेमान खत्री ने इस कला को स्थापित किया, जो इस शिल्प के जनक भी है। पिछले चार दशकों से उनके पुत्र बाग प्रिन्ट के सर्वश्रेष्ठ कारीगर माने जाते हैं। खत्री परिवार ने इस पारंपरिक हस्तशिल्प में आधुनिकता का समावेश भी किया, जिससे यह कला भविष्य में जीवित रहे और क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके।

एक समय बाग प्रिन्ट कला अपने पतन के सबसे नाजुक दौर से होकर भी गुजरी है। सरकारी प्रयासों और खत्री परिवार की मेहनत से आज हजारों शिल्पियों की बडी टीम इस कला को अपना चुकी है। बाग प्रिन्ट आज बाग ही नहीं बल्कि अविश्वसनीय रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मुकाम हासिल कर चुकी है।

उल्लेखनीय है कि बाग प्रिंट के जनक शिल्प गुरू पुरस्कार, राष्ट्रीय पुरस्कार, लाईफ टाईम अर्चिवमेंट, राज्य स्तरीय विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित स्व. श्री इस्माईल खत्री ने इस कला की शुरूआत की थी। आज भी उनकी इस अदभुत कला की विरासत को उनके पुत्रगण खत्री परिवार इसे निरंतर सजा-सवांर कर नई उचाईयां दे रहे है। इसमें बाग प्रिंट के जनक स्व.श्री इस्माईल खत्री के परिवार के सदस्य शिल्पकार सर्वश्री मोहम्मद यूसुफ़ खत्री, मोहम्मद क़ादर खत्री, श्रीमती रशीदा बी खत्री, बिलाल खत्री, मोहम्मद रफ़ीक खत्री, उमर मोहम्मद फारूख खत्री, मोहम्मद काज़ीम खत्री, मोहम्मद आरिफ खत्री, अब्दुल करीम खत्री, गुलाम मोहम्मद खत्री, कासिम खत्री, अहमद खत्री, मोहम्मद अली खत्री उल्लेखनीय योगदान है।

## मास्टर क्राफ्ट मेन मोहम्मद युसूफ खत्री



मोहम्मद युसूफ खत्री ने बाग हाथ ठप्पा छपाई की दीक्षा पिता श्री इसमाईल खत्री एवं माता श्रीमती हज्जानी जेतुन बी से बहुत कम उम्र में ले ली थी। आज उन्हें करीब 40 वर्षो का व्यापक अनुभव है। युसूफ खत्री दो राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सात बार अंतराष्ट्रीय यूनेस्को पुरस्कार और भारत में हस्तशिल्प के क्षेत्र में सर्वोच्च शिल्प गुरू सम्मान से सम्मानित और स्वर्ण पदक विजेता है। श्री खत्री को राज्य सरकार द्वारा 8 मार्च 2000 को राज्य स्तरीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

मोहम्मद युसूफ खत्री ने इस कला को नए आयाम देने के लिए अनेक वेजीटेबल कलर डाई का प्रयोग किया। निरन्तर शोध से भारतीय एवं विदेशी बाजारों में परम्परागत बाग हाथ ठप्पा छपाई से निर्मित वस्त्रों की मांग बढ़ी है। आज बाग क्षेत्र के सैकड़ों जनजातीय, पिछड़ा वर्ग एवं निर्धन युवाओं को निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

मोहम्मद युसूफ खत्री ने बाग प्रिन्ट हस्तशिल्प वस्तुओं एवं कला का प्रत्यक्ष प्रदर्शन विदेशों में बार्सीलोना स्पेन (यूरोप) में फूड फेस्टिवल- 1991, हेनोवर जर्मनी (यूरोप) के वर्ल्ड एक्स-पो- 2000, मार्टेनिक (फ्रांस)-2005, बार्सीलोना स्पेन (यूरोप) में वर्ल्डन एक्स-पो-2005, बेहरीन में सुकल हिन्द फेस्टिवल-2006, बुर्सेल्स में फेस्टिवल ऑफ इण्डिया-2006, ईटली के मिलान शहर में मेकेफै फेयर-2009, अमेरिका के सेन्टाफे में फोक आर्ट मार्केट 2009 एवं 2017, कोलम्बिया के बगोटो शहर में आर्टिजन हस्तशिल्प मेला 2009, मिलान इटली फेयर (2010), अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में भारत महोत्सव 2011, केन्द्रीय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मन्त्रालय द्वारा हस्तकला एन्कलेव, अशोका होटेल दिल्ली वर्ष 2012 में, सूरज कुण्ड क्राफ्ट मेला हरियाणा वर्ष 1991 , मास्टर क्रियेशन प्रोग्राम दिल्ली 2010, नई दिल्ली के बाल भवन में बाल महोत्सव 1983, कॉमनवेल्थ गेम्स नई दिल्ली 2010, गणतंत्र दिवस परेड समारोह नई दिल्ली 2011 में बाग प्रिंट की झांकी का प्रदर्शन, माण्डू में उप राष्ट्रपति के आगमन पर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री निवास पर शिल्पी पंचायत गॉलोब बायर-सेलर मीट गोहर महल भोपाल, म.प्र. बायर-सेलर मीट इन्दौर, म.प्र. लघु उद्योग निगम द्वारा एम.पी. एक्सपोंटेक 2013 भोपाल, म.प्र. लघु उधोग निगम एवं वर्ष 2013 में इन्वेस्ट मध्य प्रदेश इन्डियास ग्रोथ सेन्टर, सेमीनार आमेर ग्रीन्स होटेल भोपाल, जयपुर-1997, चेन्नई- 1994 और मुम्बई, नई दिल्ली, बैंगलुरु, कलकत्ता, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, अहमदाबाद, बड़ौदा, बाड़मेर, भोपाल, हैदराबाद, ग्वालियर, इन्दौर आदि बड़े शहरों में किया है।

## स्व . अब्दुल कादर खत्री

अब्दुल कादर ने भारत के प्रमुख फैशन संस्थानों जैसे नेशनल इंस्टीट्यूट आर्फ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) नई दिल्ली, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन (अहमदाबाद), स्पोर्टकिंग इंस्टीट्यूट आर्फ फैशन टेक्नोलॉजी (लुधियाना) एवं एस-डी-पी-एस- वुमेंस कॉलेज इन्दौर सहित अनेक देशी एवं विदेशी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया।



बाग प्रिन्ट शिल्प में अपने योगदान एवं उत्कृष्टता के लिए अब्दुल कादर को वर्ष 2005 में तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2018 में यूनेस्को एवं वर्ल्ड क्राफ्ट्स कॉउंसिल द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, वर्ष 1990 में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं वर्ष 2015 में विश्व के सबसे प्रसिद्ध शिल्प मेले में कला निधि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्व. श्री खत्री की पत्नी श्रीमती रशीदा-बी खत्री को केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय मेरिट पुरस्कार वर्ष 2018 के लिए चुना गया। उन्हें वर्ष-2012 एवं 2014 में राज्य स्तरीय पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। हाल ही में उनके पुत्र मोहम्मद आरिफ खत्री को यूनेस्को एवं वर्ल्ड क्रॉफ्ट्स कॉउंसिल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस वर्ष 2021-22 से नवाजा गया है। मोहम्मद खत्री को भी वर्ष 2017 में थाइलैंड में अन्तर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर क्रिएशन अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। अब्दुल कादर एवं उनके बेटों ने आस्ट्रेलिया, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, ओमान, मलेशिया, थाइलैंड जैसे देशों में बाग प्रिन्ट कला का प्रदर्शन कर देश एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

## रशीदा-बी खत्री



रशीदा बी का जन्म मध्यप्रदेश के जोबट में 15 मार्च 1967 को हुआ। बाग प्रिन्ट कला का कार्य अपने ससुर शिल्प गुरू इस्माईल सुलेमान, सासु माँ हज्जानी जैतुन बी एवं पति अब्दुल कादर से सीखा। रशीदा बी से लगभग 700 प्रशिक्षणार्थी इस कला की बारीकियों का ज्ञान ले चुके हैं।

## मोहम्मद बिलाल खत्री



श्री मोहम्मद बिलाल खत्री का जन्म 10 जून 1987 में ग्राम बाग जिला-धार (म.प्र.) में पारम्परिक बाग प्रिंटरों की रंग-बिरंगी दुनिया में हुआ। उन्होंने 10 वर्ष की आयु में ही अपने पिता और दादाजी से यह शिल्प सीखा। राष्ट्रीय एवं अंतरष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, डिजाइनर एवं मास्टर क्राफ्ट्समेन मोहम्मद बिलाल खत्री ने मध्यप्रदेश एवं देश को गौरवान्वित किया है। अमेरिका की मशहूर मैग्जीन हार्पर्स बाजार ने उनकी कला एवं उसकी कार्य विधि का जिक्र कुछ यूं किया है- बिलाल के परिवार के सबसे प्रतिष्ठित ब्लॉकों की विशेषता वाली एक आकर्षक, पारम्परिक शीट देखें। बिलाल एक मेहनती परिवार से आते हैं जिसने राज्य और राष्ट्रपति पुरस्कार जीते हैं। उनके दादा इस्माइल सुलेमान खत्री को बाग प्रिंट छपाई का जनक माना जाता है। एक पुश्तैनी परिवार से संबंधित होने की जिम्मेदारी को समझते हुए, वह स्पष्ट है, अगर हम, युवा, इस काम के लिए खुद को प्रतिबद्ध नहीं करते, तो यह लुप्त हो जाता।

नेशनल एंड इंटरनेशनल अवार्डी मोहम्मद बिलाल खत्री वर्ष 2018 में मिलान इटली, वर्ष 2017 में गोयांग चीन, वर्ष 2017 में इस्फहान इरान, वर्ष 2014 में मास्को, सेन्ट पीटर्सबर्ग, कालुगा रूस, दोंगयो एंग चीन एवं वर्ष 2012 में बेहरीन के साथ ही गणतंत्र दिवस परेड समारोह नई दिल्ली 2011 में बाग प्रिंट की झांकी का प्रदर्शन कर चुके हैं। वे 250 से अधिक कारीगरों को भी प्रशिक्षित कर चुके है।

## हस्तशिल्प के क्षेत्र में उपलब्धियाँ

मोहम्मद बिलाल खत्री राष्ट्रीय पुरस्कार वर्ष 2018, राष्ट्रीय मेरिट पुरस्कार सर्टिफिकेट वर्ष 2011 एवं प्रथम विश्वकर्मा राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2010, वर्ष 2016 में वर्ल्ड क्रॉफ्ट्स कॉउन्सल यूनेस्को के अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और वर्ष 2014 में रूस के अंतर्राष्ट्रीय इथनोमिर एक्स-पो कालुगा में डिप्लोमा की उपाधि से सम्मानित किए गए हैं। वर्ष 2018 में मिलान इटली में, वर्ष 2017 में गोयांग चीन में, वर्ष 2017 में इसफहान इरान में, वर्ष 2014 में वर्ल्ड क्रॉफ्ट्स कॉउन्सल की 50 वीं गोल्डन जुबली सेलिब्रेसन समिट एवं एक्जीबिशन, दोंगयोंग चीन में बाग प्रिंट का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया है। श्री खत्री ने वर्ष 2014 में रूस की मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी फोर द ह्यूमेनिटीज के फाईन आर्ट के स्टूडेंट्स को बाग प्रिन्ट कला का प्रशिक्षण दिया है।

## परम्परागत बाग प्रिन्ट कार्य-विधि



बाग प्रिन्ट वस्त्र छपाई की तकनीक को कई हिस्सों में बाँटा गया हैं। छपाई के लिए कपड़े का चयन सबसे महत्वपूर्ण हैं। रंगाई करने हेतु कपड़े को उबाला जाता हैं। यह अनिवार्य हैं कि छपाई में प्रयोग होने वाला कपड़ा प्राकृतिक रेशे से ही निर्मित हो। इसके बाद वस्त्र के प्रयोग की प्रवृत्ति अर्थात उसका उपयोग साड़ी, सूट, चादर, ड्रेस मटेरियल, स्टॉ ल, दुपट्टे आदि का निर्धारण किया जाता हैं। इसी आधार पर ब्लॉयक (भांतो) का चयन किया जाता हैं। सर्वप्रथम कपड़े को काट कर माड़ निकाला जाता हैं, इसमें अनेक तकनीकों का प्रयोग किया जाता हैं। इस प्रक्रिया से ही यह निर्धारित होता हैं कि कपड़े पर रंग कितना अच्छा चढ़ेगा।

### खारा विधि

कपड़े को सर्वप्रथम पानी में धोकर धूप में सुखाया जाता हैं। बकरी की मेंगनी और अरण्डी तेल के मिश्रण के घोल में पूर्व में तैयार किया गया कपड़ा भिगोया जाता हैं, फिर गठरी बना कर कच्ची जमीन पर रख जाता हैं। कच्ची जमीन पर रखने से भूमिगत तापमान से कपड़ा अच्छी तरह तैयार हो पाता हैं।

नदी में एक विशेष प्रकार का प्राकृतिक स्थान बना होता है, जिसे स्थानीय भाषा में होदी कहा जाता है। इस होदी में कपड़े की गठरी को भिगोया जाता है। इसके बाद कपड़े को दूसरे पानी से धोया जाता है। कपड़ा जब धुल जाता है तो इसे पैरो तले रौंद कर झाग उत्पन्न किया जाता है, जिसे एक खास प्रक्रिया से 3-4 बार गुजारा जाता है। निथारना प्रक्रिया के बाद कपड़ों को सुखा दिया जाता है। इस विधि को खारा विधि कहते है। सामान्यतः कपड़े को औसतन तीन खारा देना होता है। इस पूरी प्रक्रिया के बाद कपड़ा अत्यंत मुलायम हो जाता हैं ।

### पीला विधि

खारा देने के बाद इसे बहते पानी में तारोकर हयड़ा (हरड़) के पावडर के घोल में टब में रखा जाता है फिर निचोड़कर उस कपड़े को सुखा देते है। इसे सिर्फ धूप में ही सुखाया जाता है, यदि इसे छांह में सुखा दिया जाए तो यह हरे रंग में बदल जाता है, जबकि धूप में यह पीले रंग का हो जाता है। यह प्रक्रिया पीला करना कहलाती है। सामान्य भाषा में इसे बेस करना भी कहते हैं। इस तरह कपड़ा छपाई के लिए तैयार हैं।

### काला रंग विधि

इसके लिए मिट्टी के मटके में लोहे की बारीक पत्तियाँ एवं टुकड़े, गुड, चूना, गेहूँ के आटे को डालकर सड़ाना पड़ता हैं। इसमें लगभग 8 से 10 दिन लग जाते हैं। जब यह घोल तैयार हो जाता हैं, तब गोन्द या इमली के बीज के आटे में कलफ की तरह पकाया जाता है। उसके बाद इसे प्लास्टिक के बर्तन या मिट्टी के बर्तन में रखा जाता हैं। पकाने के बाद ठण्डा कर इसे पारदर्शी बारीक कपड़े में छानकर छपाई अनुसार घोल को गहरे रंग के लिए तरल (कम गाढ़ा) रखा जाता हैं। बारीक रेक डिजाइन के लिए गाढ़ा घोल रखा जाता हैं।

### काला रंग छपाई की आवश्यक सामग्री

पालियां (ट्रे) में गद ब्लॉक प्रिन्ट के लिए एक करतली (बाँस की जाली) लगा कर उसमें एक ऊनी वस्त्र दो परतों में रखा जाता हैं। यदि बारीक प्रिन्ट बनाना हो तो पालिये में रखी जाली में रखे ऊनी वस्त्र पर एक मलमल का कपड़ा रख कर प्रिन्ट बनाई जाती हैं।

### काले एवं लाल रंग की छपाई

काले एवं लाल रंग की छपाई के लिए बनाये गये रंगों में इमली के बीज या धावड़े के गोन्द की लई (पेस्ट) बना कर छपाई करते है। अब कपड़े को अड्डे (टेबल) पर रख कर लकड़ी के डिजाइन युक्त ब्लॉक (भांतों) से छपाई की जाती हैं। इस प्रक्रिया में ब्लॉक पर हाथ का जोर संतुलित मात्रा में लगाना होता है अन्यथा पूरा कपड़ा बिगड़ सकता हैं। इस प्रक्रिया में कोने बनाना भी महत्वपूर्ण हैं। कोना जितने अच्छे से छपता हैं, कपड़ा उतना ही सुंदर दिखाई देता हैं। छपाई के बाद कपड़े को 8 से 10 दिन तक संग्रहीत कर रखा जाता हैं, जिसे पड़त खिलाना भी कहते हैं।

### लाल विधि



लाल रंग बनाने के लिए फिटकरी को उबाल कर इसके घोल को किसी मिट्टी या प्लास्टिक के बर्तन में रखा जाता है। इसके बाद इसे गोन्द या इमली के बीज के आटे में कलफ की तरह पकाया जाता है। पकाने के बाद ठण्डा कर पारदर्शी बारीक कपड़े में छानकर छपाई अनुसार घोल को गहरे रंग के लिए तरल (कम गाढ़ा) रखा जाता हैं। बारीक रेक डिजाइन हेतु गाढ़ा घोल रखा जाता हैं।

लाल रंग की छपाई के लिए आवश्यक सामग्री में लकड़ी के पात्र, जिसे स्थानीय भाषा में पालियां (ट्रे) कहा जाता हैं, जरूरी होता है। गद ब्लॉक प्रिन्ट के लिए पालिये में एक करतली (बाँस की जाली) लगाकर उसमें एक ऊनी वस्त्र दो परतों में रखा जाता हैं। यदि बारीक प्रिन्ट बनाना हो तो पालिये में रखी जाली में रखे ऊनी वस्त्र पर एक मलमल का कपड़ा रखकर प्रिन्ट बनाई जाती हैं।

### विछलियाँ विधि

छपाई वाले कपड़े को नदी के बहते पानी में बिछा कर खंगाला जाता हैं। कपड़े को नदी से निकाले बिना कपड़े को पानी के अंदर ही झेर (झटकना) तथा गुलेटा (अलट-पुलट) एक घण्टे तक किया जाता हैं। इससे कपड़े पर लगा अतिरिक्त रंग निकल जाता हैं। नदी का प्रवाह देखकर ही विछलियाँ की प्रक्रिया की जाती हैं। इसके बाद कपड़े को सुखा दिया जाता हैं ।

### भट्टी विधि

विछलियाँ के बाद कपड़े की रंगाई की जाती हैं। इस प्रक्रिया को स्थानीय भाषा में भट्टी करना कहते हैं। तांबे की कढ़ाव में भट्टी करते हैं, इसमें धावड़ी के फूल और आल की जड़, डाल कर हल्के गर्म पानी में घोल लेते हैं। इसके बाद में विछलियां किया हुआ कपड़ा इस घोल में डुबोया जाता हैं। धावड़ी के फूल का प्रयोग इसलिए किया जाता हैं क्योंकि ये पानी का शुद्धिकरण करते हैं तथा काला, लाल एवं सफेद रंग के निखार में सहायक होता हैं। फिर घोल से निकाले बिना कपड़े को पात्र के अंदर ही झेर (झटकना) तथा गुलेटा (अलट-पुलट) दिया जाता हैं। इस दौरान ध्यान रखा जाता हैं कि कपड़ा पूरी तरह पानी में डूबा रहे। महत्वपूर्ण यह हैं कि तांबे का पात्र आग पर गर्म होता रहता हैं और घोल ज्यों-ज्यों गर्म होता हैं त्यों-त्यों फिटकरी और लोहे की जंग का रंग क्रमशः लाल और काला होता जाएगा।

### तपाई विधि

नदी के किनारे पत्थरों पर कपड़े को सुखाया जाता हैं और बार-बार गीला किया जाता हैं। धूप और पत्थर की गर्मी प्राकृतिक तौर पर सफेदी (ब्लीचिंग) प्रदान करती हैं। तपाई के बाद कपड़ा तैयार हैं, यदि इसे खाकी, नीला, पीला, हरा, गुलाबी आदि बनाना हो तो उसके लिए पृथक-पृथक विधियाँ हैं। खाकी रंग धावड़े के पत्तों या अनार के छिलकों से बनाया जाता हैं। धावड़े के पत्ते पानी में डालकर, उबाले जाते हैं। उबला हुआ पानी छानकर पानी में कपड़े को डुबोया जाता हैं, फिर उसे छाँह में ही सुखाया जाता हैं। यह विधि 3 से 4 बार दोहराई जाती हैं, 5वीं बार फिटकरी के घोल में डुबाकर सुखाते हैं। इसके बाद कपड़े को साफ पानी में डुबाकर तारो लेते हैं। इस तरह पीला खाकी रंग का कपड़ा तैयार होता है। इण्डिगो पौधे के पत्तों को सड़ाकर उसमें सज्जी खार एवं अन्य मिश्रण डालकर नीला रंग तैयार किया जाता हैं। इसे नील के पानी में 4 से 5 बार डोब देकर तैयार किया जाता हैं। इसके बाद नीले रंग का कपड़ा तैयार है।

इण्डिगो का रंगा हुआ कपड़ा, अनार के छिलके या धावड़े के पत्तों से बनाया जाता हैं। धावड़े के पत्ते पानी में डालकर उबाले जाते हैं, उबले पानी में छानकर गर्म पानी में कपड़े को डुबोया जाता हैं, फिर उसे छाँह में ही सुखाया जाता हैं। यह विधि 3 से 4 बार दोहराई जाती हैं। इसके बाद 5वीं बार फिटकरी के घोल में डुबाकर सुखाते हैं और साफ पानी में डुबाकर तारो लेते हैं। इस तरह हरा रंग का कपड़ा तैयार होता है।

### उकर रंग बनाने की विधि

इसके लिए मिट्टी के मटके में लोहे की बारीक पत्तियाँ एंव टुकड़े, गुड़, चुना, गेहूँ के आटे को डाल कर सड़ाना पड़ता हैं, जिसमें लगभग 8 से 10 दिन लग जाते हैं। जब यह घोल तैयार हो जाता हैं, तब इमली के बीज के आटे में कलफ की तरह पकाया जाता है। इसके बाद इसे प्लास्टिक के बर्तन या मिट्टी के बर्तन में रखा जाता हैं। पकाने के बाद ठण्डा कर इसे पारदर्शी बारीक कपड़े में छान कर छपाई अनुसार घोल को गहरे रंग के लिए तरल (कम गाढ़ा) रखा जाता हैं तथा बारीक रेक डिजाइन हेतु गाढ़ा घोल रखा जाता हैं। छपाई के बाद साफ पानी में और फिर हरड़ के घोल में डुबा कर उसका रूप रंग प्राप्त होता है।

# देश में बढ़ी दूध की किल्लत, सप्लाई 2.50 फीसदी घटी जबकि डिमांड 10 फीसदी बढ़ी, अभी और महंगा हो सकता है दूध

दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश होने के बाद भी भारत में दूध की सप्लाई और डिमांड के बीच अंतर बढ़ रहा है। केंद्रीय पशुपालन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में दूध की सप्लाई में करीब 2.50 फीसदी की गिरावट आई है जबकि मांग 10 फीसदी तक बढ़ी है। नतीजा देश में दूध के दाम में बीते एक साल में रिकार्ड स्तर पर प्रति लीटर करीब 10 रुपए (करीब 15 फीसदी) बढ़े हैं। ये वृद्धि एक दशक में सबसे ज्यादा है।

सर्वोच्च स्तर तक पहुंच सकते हैं दूध के दाम

संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही दूध के दाम अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच सकते हैं। इसकी वजह कोरोना आपदा में डेयरी उद्योग पर पड़ी मार, चारा-पशु आहार महंगा होना और इसके बाद देश में लंपी वायरस के प्रकोप से देश में 1.87 लाख दुधारू पशुओं की मौत होना है। देश में दूध के बढ़ते दाम थामने के लिए दूध और इसके पावडर( एसएमपी) के आयात पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी हटा दी है।

भारत दूध उत्पादन में अव्वल फिर भी आयात बढ़ाने को मजबूर

भारत दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश में शुमार है। हमारे देश ने ये उपलब्धि 2021-22 में 22 करोड़ टन दूध का उत्पादन कर हासिल की थी। केंद्रीय पशुपालन मंत्रालय की रिपोर्ट 2022 के अनुसार पिछले साल भारत ने 221.06 मिलियन टन दूध का उत्पादन कर दुनिया में नंबर-1 का दर्जा हासिल किया था। दूध की ये मात्रा दुनियाभर में कुल दूध उत्पादन का 24 फीसदी थी, लेकिन अब हमारे देश को दूध की बढ़ती मांग के अनुरूप इसकी आपूर्ति बढ़ाने के लिए आयात बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष में दूध का आयात 92 हजार मीट्रिक टन हुआ था। इस साल इसके 01 लाख मीट्रिक टन से भी ज्यादा रहने की संभावना जताई जा रही है।

2022-23 में दशक की सबसे कम, सिर्फ 1 फीसदी वृद्धि

देश में वर्ष 2021-22 में दूध उत्पादन में 5.29त्न की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। इसमें शीर्ष 5 प्रमुख दूध उत्पादक राज्य राजस्थान (15.05त्न), उत्तर प्रदेश (14.93त्न), मध्य प्रदेश (8.06त्न), गुजरात (7.56त्न) और आंध्र प्रदेश (6.97त्न) रहे। डेयरी सेक्टर के एक्सपर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में मार्च 2023 तक दूध उत्पादन में सिर्फ 1 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है, जो पिछले एक दशक में 5.6 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बहुत कम है।

2022 में दूध के दाम में रिकॉर्ड वृद्धि

मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ के सांची ब्रांड के फुल क्रीम दूध के दाम मार्च 2022 में 57 रुपए प्रति लीटर थे जो मार्च 2023 में बढ़कर 63 रुपए प्रति लीटर हो गए। 1 साल में सांची के फुल क्रीम दूध के दाम 6 रुपए प्रति लीटर बढ़े हैं। यानी 1 साल में सांची दूध के दाम में 10.52 फीसदी का इजाफा हुआ है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने साल 2022 में दिल्ली में अमूल ब्रांड फुल क्रीम दूध का दाम धीरे-धीरे 58 से 64 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दिया। वहीं मदर डेयरी ने भी अपने दूध के दाम 5 मार्च से 27 दिसंबर के बीच 57 रुपए से 66 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दिए। इस प्रकार बाजार में दूध के लोकप्रिय ब्रांड के टोंड से लेकर फुल क्रीम दूध के दाम 6 रुपए से 9 रुपए तक बढ़े हैं। इससे पहले दूध की कीमतों में 8 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि अप्रैल 2013 से मई 2014 के बीच हुई थी, लेकिन तब से लेकर करीब 8 सालों में यानी 2022 के फरवरी महीने तक दूध की कीमत में सिर्फ 10 रुपए लीटर की ही बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन फरवरी 2022 के बाद दूध लगातार महंगा होता जा रहा है।

क्या हैं दाम बढ़ने के कारण

देश में दूध के दाम बढ़ने के कई कारण हैं, लेकिन इनमें सबसे अहम कारण कोरोना महामारी को माना जा रहा है। दरअसल, भारत में कोरोना महामारी के चलते 2020-21 में लॉकडाउन के दौरान दूध की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित हुई। सभी होटल, शादियां एवं अन्य सार्वजनिक आयोजन बंद हो जाने के कारण दूध के बड़े खरीदारों ने अप्रैल-जुलाई 2020 के बीच गाय के दूध की कीमत 18 से 20 रुपए प्रति लीटर तक कम कर दी जबकि भैंस के दूध की कीमत 30-32 रुपए तक कम हो गई। लॉकडाउन के कारण जब दूध की मांग कम हुई तो किसानों ने दुधारू पशुओं की संख्या कम करनी शुरू कर दी। दूध नहीं बिकने के कारण किसानों के लिए चारे का खर्च निकलना मुश्किल हो गया। पशुओं को पर्याप्त खुराक नहीं मिलने से उनकी सेहत कमजोर हुई और उनकी दूध देने की क्षमता भी घटी।

लॉकडाउन के बाद मांग अचानक बढ़ी

साल 2021 के आखिर में जैसे ही लॉकडाउन खुला वैसे ही दूध की सप्लाई के मुकाबले डिमांड में काफी तेजी आ गई। दूध की मांग अचानक घरेलू बाजार तक ही सीमित नहीं रही बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ गई, जिससे सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने लगी।

लंपी वायरस से दुधारू पशुओं की मौत

2022 में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात सहित कई राज्यों में दुधारू पशु घातक और संक्रामक लंपी वायरस की चपेट में आ गए। इससे अकेले राजस्थान में ही 76 हजार पशु और देशभर में करीब 1.87 लाख पशुओं की मौत हो गई। इससे देश में दुधारू पशुओं की संख्या कम हो गई। जो पशु महंगी दवाओं और टीकाकरण के कारण बच गए, लेकिन उनकी दूध देने की क्षमता पहले की तुलना में कम हो गई।

चारा और अन्य पशु आहार भी महंगा हुआ

दूध उत्पादन में कमी का एक कारण पशु चारे और पशु आहार की बढ़ती कीमत भी है। दरअसल, देश के कई राज्यों में पिछले साल भारी बारिश के कारण हरे चारे की पैदावार कम हुई। इसके अलावा चारे में मिलाए जाने वाले प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। नतीजा इससे दुधारू पशुओं के चारे की लागत भी बढ़ गई है। बीते साल की तुलना में अकेले पशु आहार की लागत में 20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इसे देखते हुए दूध की प्रोसिंग और मार्केटिंग करने वाली कंपनियों ने किसानों को दी जाने वाली दूध की कीमत में भी इजाफा करना पड़ा है। बीते साल की तुलना में इसमें 8 से 9 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है।

अब आगे क्या होगा?

देश में दूध की घटती सप्लाई और बढ़ती डिमांड सरकार के लिए चिंता का विषय है। आमतौर पर डेयरी कंपनियां और फेडरेशन गर्मी के मौसम में सप्लाई के लिए ठंड का मौसम खत्म होते ही दूध पावडर (एसएमपी) का स्टॉक जमा करने लगते हैं, लेकिन इस बार सप्लाई में कमी और लंपी वायरस के कारण ऐसा नहीं हो पाया है। इसलिए सरकार ने दूध और इसके पावडर (एसएमपी) के आयात पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी हटा दी है। डेयरी उद्योग से जुड़े एक्सपर्ट का कहना है कि अप्रैल से शुरू हुए फाइनेंशियल ईयर में भारत का दूध और इसके पावडर का आयात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने की संभावना है। इस साल जनवरी में ही भारत का दूध और क्रीम का आयात पिछले साल से 1024 प्रतिशत बढ़कर 4.87 मिलियन डॉलर हो गया था। इसकी वजह देश में फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड से एसएमपी का आयात बढ़ना है। डेयरी सेक्टर के एक्सपर्ट के मुताबिक देश में दूध उत्पादन की स्थिति में सुधार के लिए अब बाजार के हिसाब से तैयार पशु स्टॉक और डेयरी उत्पादों के स्टॉक को बढ़ाने के लिए अक्टूबर में अगले सीजन तक इंतजार करना होगा।

**भारत में दूध उत्पादन और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता**

| वर्ष | उत्पादन (मिलियन टन) | प्रति व्यक्ति उपलब्धता (ग्राम प्रति दिन) |
|---|---|---|
| 1991-92 | 55.6 | 178 |
| 1992-93 | 58.0 | 182 |
| 1993-94 | 60.6 | 186 |
| 1994-95 | 63.8 | 192 |
| 1995-96 | 66.2 | 195 |
| 1996-97 | 69.1 | 200 |
| 1997-98 | 72.1 | 205 |
| 1998-99 | 75.4 | 210 |
| 1999-2000 | 78.3 | 214 |
| 2000-01 | 80.6 | 217 |
| 2001-02 | 84.4 | 222 |
| 2002-03 | 86.2 | 224 |
| 2003-04 | 88.1 | 225 |
| 2004-05 | 92.5 | 233 |
| 2005-06 | 97.1 | 241 |
| 2006-07 | 102.6 | 251 |
| 2007-08 | 107.9 | 260 |
| 2008-09 | 112.2 | 266 |
| 2009-10 | 116.4 | 273 |
| 2010-11 | 121.8 | 281 |
| 2011-12 | 127.9 | 290 |
| ?2012-13 | 132.4 | 299 |
| ?2013-14 | 137.7 | 307 |
| ?2014-15 | 146.3 | 322 |
| 2015-16 | 155.5 | 337 |
| 2016-17 | 165.4 | 355 |
| 2017-18 | 176.3 | 375 |
| 2018-19 | 187.7 | 394 |
| 2019-20 | 198.4 | 406 |

(स्त्रोत - बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी, पशुपालन, डेयरी व मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार)

# नकुलनाथ की पत्नि श्रीमती प्रियानाथ छिंदवाड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ सकती हैं?

**छिंदवाड़ा ।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की पुत्र वधु व नकुलनाथ की पत्नि श्रीमती प्रियानाथ इन दिनों सक्रिय है, वे कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय भी है। कांग्रेस कमलनाथ को मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ेगी, इसीलिए उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ेगा, उनके ऊपर प्रदेश की जिम्मेदारी है, कांग्रेस को बहुमत मिला तो वे कही से भी चुनाव लड़ सकते है, यदि छिंदवाड़ा चुनाव लड़ने का मौका आया तो छिंदवाड़ा के विधायक को इस्तीफा देना पड़ेगा, इसीलिए विधानसभा चुनाव में प्रियानाथ के चुनाव लड़ने की संभावनायें बढ़ गई है। बताया जाता है जिले की छैः विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों का चयन हो चुका है, छिंदवाड़ा से प्रत्याशियों का चयन होना बाकी है। इसीलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रियानाथ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ सकती हैं।



# छात्रो को नई शिक्षा नीति की दी जानकारी

छिंदवाड़ा । म.प्र . शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रदेश के सभी कॉलेजों में सकल पंजीयन अनुपात बढ़ाने हेतु विद्यालय के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कॉलेज चलो अभियान किया जा रहा है । इसी तारतम्य में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की प्राध्यापक डॉ . दीप्ति जैन एवं डॉ गोपीबाला डेहरिया द्वारा गुरुवार 6 अप्रैल 2023 को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 एवं फर्स्ट स्टेप हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदवाड़ा का भ्रमण किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक गतिविधियों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया गया , उन्हें पाठ्यक्रम प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन, रोजगार के अवसर एवं अन्य पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।

# कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर एक ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**छिन्दवाड़ा ।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की प्रगति बढ़ाने में रूचि नहीं लेने, कार्य के प्रति लापरवाही बरतने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं करने और कोई सकारात्मक उत्तर नहीं देने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल द्वारा ग्राम पंचायत घोघरीरैयत के सचिव श्री महेश विश्वकर्मा को प्रथम दृष्टया दोषी मानकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । निलंबन अवधि में सचिव श्री विश्वकर्मा का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय परासिया रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। उन्होंने कार्य की सुविधा की दृष्टि से ग्राम पंचायत गाजनडोह के सचिव राजकुमार पगारे को अपने कार्य के साथ ही ग्राम पंचायत घोघरीरैयत के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है।

# हनुमान जयंती के पर्व पर विशेष पूजन हवन के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

अमरवाड़ा । हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक स्थलों सहित हनुमान मंदिरों में विशेष हवन पूजन के साथ-साथ महाप्रसाद और भंडारे वितरण का भी आयोजन किया गया। नगर के एकमात्र प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर वरदिया में सुबह 5:00 बजे जल अभिषेक के दौरान हवन पूजन किया गया। तो वहीं महाप्रसाद वितरण सहित दिनभर भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा किया गया। वही शाम को मंदिर में महाआरती भी की गई। दिनभर बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक और ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने सहित पूजन पाठ करने पहुंचे। वहीं पीतांबरा सेवा समिति अमरवाड़ा द्वारा पुराना बस स्टैंड में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

# मोठार पंचायत सचिव राजेश कुशवाहा निलंबित

**परासिया ।** उमरेठ तहसील के आदेश का पालन नहीं करने तथा लाडली बहना योजना में लापरवाही करने के आरोप में तहसीलदार की शिकायत पर जिला कलेक्टर शीतला पटेल ने मोठार ग्राम पंचायत के सचिव राजेश कुशवाहा को बुधवार को पद से निलंबित कर दिया सचिव का निलंबन आदेश जिला पंचायत से आज जनपद पंचायत परासिया पहुंचा जानकारी के अनुसार पिछले दिनों उमरेठ तहसीलदार सुनैना ब्रम्हे लाडली बहना योजना के लिए सुबह 9:00 बजे मोठार ग्राम पंचायत पहुंची थी ।चुकि इसी दिन परासिया ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर कलेक्टर शीतला पटेल को आना था। तहसीलदार ने जब यह पाया कि सचिव राजेश कुशवाहा पंचायत में उपस्थित नहीं तो उन्होंने सचिव से मोबाइल से फोन लगाकर पंचायत आने का कहा तो सचिव ने तहसीलदार से कहा कि मैं 11 बजे आऊंगा आपको पंचायत में बैठना है ।तो बैठो क्षेत्र के दौरे पर जब कलेक्टर आई तो तहसीदार ने उनसे सचिव की शिकायत की कलेक्टर ने सचिव की बातचीत पर आदेश का पालन नहीं करना एवं अभद्रता की श्रेणी में पाया इसके बाद सचिव को निलंबित कर दिया गया है।

# दिल्ली मजदूर किसान रैली में पहुंचे

**परासिया ।** कोयलांचल क्षेत्र प्रतिनिधि। पांच अप्रैल को दिल्ली में आयोजित मजदूर किसान खेतिहर मजदूरों की लाखों कि तादाद में देश के कौने कौने से लोग शामिल होने पहुंचे। कोयलांचल क्षेत्र में सीटू युनियन की लाल झंडा कोल माईंस मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लेने दिल्ली पहुंचे जिसमें प्रमुख पदाधिकारियों में अमरनाथ सिंह,मीरहसन, अशोक भारती,मो0अनवर, मार्कंडेय मिश्रा, विकास सातनकर, रामनरायण कश्यप, दीलीप भारती, शंकर लाल, धरमचंद सेंडे, नितिन साहनी, सदनलाल, कैलाश यदुवंशी, रामविलास यादव, धर्मेन्द्र, बुद्धि सागर, उषा भारती,प्रमिला निगम, सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए।



# हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

## मंदिरों में पूजा अर्चना करने दिन भर भक्तों का लगा रहा तांता



**छिंदवाड़ा ।** भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर प्रातःकाल से ही मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहा जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ हनुमान भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारें का आयोजन किया गया था। शहर के संकट मोचन हनुमान मंदिर, अनगढ़ हनुमान मंदिर, अनगढ़ हनुमान मंदिर, सिद्वेश्वर मंदिर, जामसांवली मंदिर, सिमरिया हनुमान मंदिर, कोसमी मंदिर सहित जिले भर में स्थित मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। जामसांवली मंदिर में लाखों की संख्या में भक्तों का तांता लगा रहा मंदिर की विशेष सजावट की गई थी। पूरे प्रदेश से लाखों भक्त यहां भगवान के दर्शन करने पहुंचे थे। जामसांवली मंदिर मध्यप्रदेश के प्राचीन मंदिरों में से एक है। लाखों की संख्या में भक्तों ने यहां पूजा अर्चना की।

### सिद्ध सिमरिया धाम में पूर्व सीएम कमलनाथ ने पुत्र नकुलनाथ व पुत्रवधू प्रियानाथ के साथ किया पूजन अर्चन

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त पवन सुत हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव आज बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। भव्य सिमरियाधाम में संकट मोचन हनुमान जी के श्रीचरणों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ, माननीय सांसद नकुलनाथ व श्रीमती प्रियानाथ ने माथा टेका। सर्वप्रथम प्रथम पुज्य भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन करने के उपरांत नेताद्वय ने गर्भगृह में विराजमान समस्त देवी देवताओं की आराधना व पूजन पाठ करने के पश्चायत पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने पुत्र नकुलनाथ व पुत्र वधु श्रीमती प्रियानाथ के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर, आरती व पूजन कर जिला, प्रदेश व देश में सुख, शांति के लिये कामना की साथ ही सर्वकल्याण की कामना करते हुये नेताद्वय ने भगवान संकट मोचन हनुमान जी महाराज से सभी जनमानस के लिये खुशहाली की प्रार्थना की।

सिद्ध सिमरिया धाम में पूजा अर्चना करने के उपरांत पूर्व सीएम कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ एवं श्रीमती प्रियानाथ शहर की हृयस्थली छोटी बाजार पहुंचे, यहां सर्वप्रथम नगर शक्तिपीठ बड़ी माता मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चायत श्रीराम मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। श्रीराम मंदिर परिसर में जारी सुंदरकाण्ड पाठ किया गया। संगीत रामायण मण्डल के सदस्यों द्वारा यहां प्रातः काल से ही सुंदरकाण्ड पाठ की प्रस्तुति दी गई, आयोजित संदुरकाण्ड पाठ में सम्मिलित हुये।

### दशहरा मैदान से निकली श्रीगदा यात्रा

स्थानीय दशहरा मैदान से सिद्ध सिमरिया धाम के लिये निकाली गई ऐतिहासिक श्री गदा यात्रा में धर्मानुरागी सांसद श्री नकुलनाथ धर्मपत्नी श्रीमती प्रियानाथ के साथ विशाल गदा यात्रा में सम्मिलित हुये। श्रीराम व हनुमान जी के जयकारों के उदघोष के साथ श्री गदा यात्रा दशहरा मैदान से प्रारम्भ होकर अनगढ़ हनुमान मंदिर, फव्वारा चौक, इंदिरा तिराहा से अमित ठेंगे चौक से लौटकर ईएलसी चौक होते हुये नागपुर नाका, चन्दनगांव, सरोरा, इमलीखेड़ा चौक, लिंगा, चिखलीकला होते हुये यात्रा सिद्ध सिमरिया धाम पहुंची। मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन कर गदा अर्पित कर यात्रा पूर्ण हुई। सम्पूर्ण मार्ग में राजा राम और उनके परम भक्त हनुमान जी महाराज के जयकारों से गुंजायमान होता रहा।

### हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की

अजर-अमर रामभक्त अष्ट सिद्धी नौ निधि के दाता परमवीर श्री हनुमान जी महाराज की भक्ति में तन्मन्य जिले के सांसद श्री नकुलनाथ ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन प्रातः वंदन से ही नगर व जिले के प्रसिद्ध व सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में दर्शन, पूजा, अर्चना व आरती कर सभी के लिये निरोगी काया व सुख शांति समृद्धि हेतु आशीर्वाद मांगा। सर्वाधिक गौरतलब बात यह है कि सांसद नकुलनाथ ने सम्पूर्ण जिलेवासियों की ओर से ब्लॉक सौंसर के सिद्ध पीठ जामसावली, ब्लॉक मोहखेड़ के सिमरिया धाम व परासिया ब्लॉक के शक्तिधाम कोसमी हनुमान मंदिर में पहले हेलीकॉप्टर से परिक्रम कर मंदिरों पर पुष्पवर्षा की तदोपरांत हेलीकॉप्टर से उतरकर मंदिरों में प्रवेश कर श्री हनुमान जी के समक्ष नतमस्तक होकर सम्पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की। नकुलनाथ द्वारा हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा किये जाने पर तीनों ही मंदिर परिसर में उपस्थित हनुमान भक्तों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये हनुमान जी महाराज की जय घोष किया।

### विशाल गदा पदयात्रा श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सांवली के लिए निकली



शोभायात्रा में पूर्व निगम अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र मिगलानी जी पूर्व पार्षद से दीपक मिंगलानी जी युवा भाजपा नेता उत्कृष्ट चौधरी चंद्रभान जी वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद श्रीमती पूर्णिमा मालवी जी राकेश अग्रवाल कपिल पिंगले रितेश राय गोलू शर्मा पवन रावत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।हनुमान सेवा एवं सहयोग समिति के तत्वधान में विश्व कल्याण हेतु विगत 12 वर्षों से पदयात्रा निकाली जा रही है यह समिति का 13 वर्ष है इस पदयात्रा के आयोजन करता टीनू मालवी एवं अकाश पिल्लू कहार द्वारा बताया गया कि गांधी गंज स्थित पंचेश्वर हनुमान मंदिर से निकलकर वार्ड क्रमांक 15 लाल हनुमान मंदिर से होते हुए नई आबादी गांधी गंज का भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से दिनांक 5 अप्रैल 2023 को बंजारी माता पहुंचकर माता रानी की पूजा आराधना कर श्रृंगार तलवार चढ़ा कर यात्रा 6 तारीख को सुबह जाम सावली स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी उसे ही पर मुख्य कार्यकर्ता गण शैलेश यदुवंशी अंशुल यादव आशीष सिंगारे भास्कर तिवारी अकाश दीपांशु सहित अन्य राम भक्त यात्रा में लगभग 1000 युवा राम भक्त इस भव्य और दिव्य शोभा यात्रा में उपस्थित रहे विशेष सूचना समिति द्वारा दिनांक 8 अप्रैल 2023 को शाम 6:00 बजे से नई आबादी गांधी गंज चौक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया समिति सभी से निवेदन करती है कि भंडारे में प्रसाद लेने अवश्य पधारें

# लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में, मशरुखा बरामद



**छिंदवाड़ा ।** बनगांव रिंग रोड पर बुधवार को ठेकेदार के साथ दिन दहाड़े हुई लाखो की लूट की वारदात का पुलिस ने चंद घंटों के भीतर किया खुलासा, पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा ने कंट्रोल रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया की वरतादात को अंजाम देने वाले चार मै से 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार कर लिया या, वही एक आरोपी अभी फरार है जिसे जल्द पकड़ा लिया जाएगा, आरोपियों के पास से वारदात में इस्तमाल एक देसी कट्टा सहित 6 जिंदा कारतूस, घटना में इस्तमाल मोटर साइकल और लूटी गई सोने की चेन, सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन, नगदी 8000 रुपए बरामद कर लिए गए है, खुलासे के दौरान सीएसपी अमन मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे, ममाले के खुलासे में कुंडीपुरा थाना प्रभारी महेंद्र भगत, धर्म टेकडी चौकी प्रभारी दिनेश सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक शिवकरण पांडे, आदित्य रघुवंशी सहित अन्य की महवपूर्ण भूमिका रही।

# लापरवाही एवं अनुपस्थिति पर काटा एक दिन का वेतन

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन की लाडली बहना योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में सभी 48 वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे निगमायुक्त राहुल सिंह द्वारा सभी कर्मचारियों की ड्यूटी पंजीयन, फॉर्म भरने एवं महिलाओं को घर से शिविर तक लाने में लगाई गई है। निगमायुक्त के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली, सहायक यंत्री विवेक चौहान एवं कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव द्वारा विभिन्न वार्डो के शिविरो का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में कुछ वार्ड के शिविर में कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए एवं कर्मचारियो द्वारा लापरवाही पाई गई। निगमायुक्त द्वारा ऐसे 25 कर्मचारियों के एक दिन के वेतन काटने के आदेश जारी किए एवं कार्य में लापरवाही न बरतने की चेतावनी भी दी गई।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 165800 से अधिक ऑनलाइन आवेदन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं के ऑनलाइन आवेदन भरने का कार्य जारी है। अभी तक कुल एक लाख 65 हजार 800 से अधिक आवेदन ऑनलाइन भरे जा चुके हैं।

# पीएचई मंत्री व कांग्रेस जिलाध्यक्ष के रहते गुरैया को नहीं मिला शुद्ध पेयजल

### 22 वर्षो बाद गुरैया में हुये 2 बोर, अब गाँव में लोगों को मिलेगा पीने का शुद्ध जल



**छिंदवाड़ा ।** विकास यात्रा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुरैया पहुंचे थे वहां पर ग्रामवासियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष से कहा था कि ग्रामवासियों को यहां पीने के पानी की बहुत समस्या है तब भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा था कि ग्राम गुरैया में जल्द से जल्द बोर करवायेंगे । और उसी का परिणाम है कि भाजपा जिलाध्यक्ष ने आज गुरैया में 2 बोर करवाये । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि गुरैया का विकास हमारी प्राथमिकता में है यहां के नागरिकों ने हमैशा से कांग्रेस के लोगों को जितवाया है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि गुरैया में पिछले 22 वर्षों में कोई बोर नहीं हो पाया । कांग्रेस के विधायक हमेशा से रहे है लेकिन उन्होंने गुरैया के विकास कि चिंता ना करते हुए गुरैया के निवासियों का दोहन करने का कार्य किया है । वर्तमान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी गुरैया से है लेकिन उन्होंने कभी कोई विकास कार्य करवाने पर ध्यान नहीं दिया । भाजपा शासनकाल में सी .एम. राईस स्कूल गुरैया में भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रयासों से मिला इसके अलावा भी अन्य शासन की योजनाओं का लाभ लगातार गुरैया में दिलवा रहे है । इस अवसर पर सरपंच निशा बलिराम धुर्वे , संत कुमार यदुवंशी छिंदवाड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, गोपाला कराडे, गब्बर कराडे, संदीप पटेल, सुधीर कराडे उपसरपंच, लक्ष्मण लाडे, आदि उपस्थित रहे।

# लू ( तापघात ) से बचाव की सलाह

**छिन्दवाड़ा ।** ग्रीष्मकालीन मौसम प्रारंभ होने पर और जिले में अधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये शुष्क वातावरण में लू (तापघात) की संभावना अधिक होती हैं, जो घातक या जानलेवा हो सकती है । ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम लोगों को कुछ तरीके अपनाकर लू (तापघात) से बचाव की सलाह दी गई है ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.सी.चौरसिया ने बताया कि आम लोगों द्वारा कुछ तरीके अपनाकर लू (तापघात) से बचाव किया जा सकता है । जैसे गर्मी के दिनों में हमेशा बाहर जाते समय सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, भोजन करके तथा पानी पीकर ही बाहर निकले, गर्दन के पिछले भाग, कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकले, छतरी और रंगीन चश्मे का प्रयोग करें, गर्मी में अधिक मात्रा में पानी पियें, ज्यादातर पेय पदार्थों का सेवन करें और बाहर जाते वक्त अपने साथ पानी जरूर रखें । बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें और उन्हें बेवजह गर्मी में घर से बाहर नहीं निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिये प्रेरित करें और सुपाच्य भोजन व तरल पदार्थों का सेवन करायें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अंदर आने से रोके और ठण्डे मौसमी फलों का सेवन करें। जहां तक संभव हो, अधिक समय तक धूप में रहकर व्यायाम, मेहनती कार्य नहीं करें व धूप में नंगे पांव नहीं चलें। इन उपायों और सावधानियों को अपनाकर स्वयं को लू (तापघात) से सुरक्षित रखा जा सकता है । लू लगने पर व्यक्ति में गर्म लाल व सूखी त्वचा, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट, चक्कर आना, बेहोशी व हल्का सिर दर्द होना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

# कार्यकर्ताओं के साथ जनता के कल्याण के लिए जी-जान से लगी हुई प्रदेश की भाजपा सरकार



**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश सरकार जनता के कल्याण के लिए अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जी जान से लगी हुई है। यहां कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री जनसेवा की शिविर लगाए और अलग-अलग योजनाओं में लाखो नए नाम जोड़े वही विकास यात्रा निकली तो सरकार के साथ मिलकर संगठन ने आमजन को लाभान्वित करने का काम किया। उन्होने कहा कि हम उस दल के कार्यकर्ता है जहां राष्ट्र प्रथम, फिर दल और अन्त में स्वयं को रखते है। हम सब मिलकर राष्ट्र के पुर्ननिर्माण में योगदान देते हुए मध्यप्रदेश को आगे बढ़ायें।

### दीवार पर बनाया कमल फूल

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर छिंदवाड़ा नगर मंडल एक के अंतर्गत शक्ति केंद्र क्रमांक 42 से दीवार लेखन का कार्य प्रारंभ किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष ने उपस्थित होकर अपने हाथो से दीवार पर नारे के साथ कमल का फूल बनकर लेखन की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री साहू ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने विचार रखे। इस दौरान नगर मंडल एक के अध्यक्ष रोहित पोफली, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान,बिट्टू मण्डराह, नवींन बारस्कर, नितिन मरकाम, पप्पू ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के समिट में शामिल हुए महपौर विक्रम अहके

### नई दिल्ली में हो रहा है दो दिवसीय आयोजन



**छिंदवाड़ा ।** ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गर्वनमेंट द्वारा नई दिल्ली में एशियन सिटीज समिट एवं मेयर्स फोरम का आयोजन किया गया।इस समिट में विभिन्न देशों के स्थानीय निकायों के महापौर, आयुक्त एवं नगर सुधार करने वाले बड़े बड़े संस्थानों के प्रमुख शामिल हुए। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की ओर से कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहके सम्मिलित हुए। दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रारंभ में ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गर्वनमेंट के अध्यक्ष रंजीत चवान द्वारा देश एवं विदेशो से आए मेयर्स एवं अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विदेशो से आए मेयर्स ने अपने वक्तव्य में अपने निकाय के विकास मॉडल के बारे में बताया साथ ही अधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत, स्मार्ट सिटी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक दूसरे के सहयोग की बात कही।

# मांगे पूरी करने की बजाय डराने धमकाने का काम कर रही शिवराज सरकार, कांग्रेस की सरकार बनते ही मांगें पूरी होंगी: कमलनाथ

### हड़ताली आंगनबाड़ीकर्मियों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री



**छिंदवाड़ा ।** 23 दिन से हडताल पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहुंचे, जहां आंगनबाड़ी बहनों अध्यक्ष सविता ठाकुर, संगीता नांदेकर, अर्चना जावडेकर, सरिता विश्वकर्मा, मंसूरी, संध्या डेहरिया ने उनका जोरगार स्वागत किया और अपनी मांगों से अवगत कराते हुए मांगपत्र दिया। कमलनाथ के साथ मप्र आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टेजी भी उपस्थित रहे। वासुदेव शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथजी को हडताल के दौरान आंगनबाड़ी कर्मियों पर की गई डराने धमकाने वाली कार्रवाईयों से अवगत कराते हुए बताया कि भाजपा नेताओं ने कार्यालय में बुलाकर इन्हें धमकाया, लेकिन यह लोग न डरे और न झुके 23 दिन से पूरी ताकत से लड रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हडताली आंगनबाड़ीकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की शिवराज सरकार आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगे पूरी करने की वजाय डराने धमकाने का काम कर रही है, ऐसी शिकायतें मुझे हर जिले से मिली हैं, उन्होंने कहा कि 6 महीने बाद कांग्रेस की सरकार बन रही है, हम सरकार बनते ही आपकी हर मांग को पूरा करेंगे, वचन पत्र में हमने आंगनबाड़ी कर्मियों की सभी मांगें शामिल की हैं। उन्होंने कहा कि आप लोगों के साथ शिवराज सरकार लगातार अन्याय करती आ रही है, रिटायरमेंट पर कागज का टुकडा पकड़ा देती है, आपको न पेंशन मिलती है न ग्रेच्युटी, आप लोगों को पूरी ताकत से इस अन्याय का बदला लेना होगा।पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार ने 400 करोड का कर्ज लिया है लेकिन उसमें से एक पैसा भी आंगनबाड़ीकर्मियों, आशा, ऊषा कार्यकर्ता, अतिथि, संविदा, आउटसोर्स कर्मियों पर खर्च नहीं किया, भाजपा सरकार कर्ज लेकर घी पी रही हैं और हमारे कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं कर रही, बढती महंगाई में अल्पवेतन भोगी कर्मियों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, महंगाई के अनुपात में उनके वेतन नहीं बढाए जा रहे, जिस कारण ही हडताल जैसा कदम उठाने के लिए कर्मचारी मजबूर हुए हैं, उन्होंने कहा कि हम आपके साथ हैं, पूरी कांग्रेस आपके साथ है, आप अन्याय करने वाली सरकार बदलने का संकल्प लीजिए, आपके जीवन को खुशहाल बनाने का काम कांग्रेस की सरकार करेगी।

# मैं भगवा पहनता हूं तो भाजपा के पेट में दर्द होता है: नकुलनाथ

### सालीवाड़ा शारदा की जनसभा को सांसद ने किया संवाद

**छिन्दवाड़ा ।** श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष की तरह आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेले में पहुंचे सांसद नकुलनाथ ने मेले में उपस्थित ग्रामीणजनों से भेंट कर उन्हें श्री हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी व मेला स्थल का भ्रमण कर ग्रामीणों से रूबरू हुये। अमरवाड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बहुचर्चित ग्राम सालीवाड़ा में स्थापित शक्तिपीठ मां शारदा माई की पूजा अर्चना के उपरांत सांसद नकुलनाथ मंदिर परिसर के समीप आयोजित मेला स्थल में एक विशाल जनसभा को भी सम्बोधित किया। अपने उदबोधन में नकुलनाथ ने कहा कि आज का दिन उनके लिये ऐतिहासिक दिन हैं, क्यूंकि कोरोना काल के लम्बे समय और स्वयं उनके कोरोना पीड़ित होने के कारण वे सालीवाड़ा शारदा माई के दर्शन के लिये नहीं आ पाये। सांसद ने सभी उपस्थित जन को श्री हनुमान जन्मोत्वस की बधाई देते हुये कहा कि आप सभी एक धार्मिक आस्था के साथ इस मेले में आये हैं लेकिन कुछ बातें ऐसी है जिन्हें मेरे जिले की जनता को पता होनी चाहिये। श्री नाथ ने कहा कि लगभग हर धार्मिक आयोजनों में मुझे भगवा गमछा पहनाया जाता है और मैं पूरी प्रसन्नता व गौरव के साथ भगवा पहनता हूं परन्तु मेरे भगवा पहनने से भाजपा के पेट में दर्द होता है, उन्होंने जनसमुदाय से प्रश्न करते हुये कहा कि क्या मैं हिन्दू नहीं हूं क्या मैं धार्मिक नहीं हूं तो फिर यह दर्द क्यूं ? श्री नाथ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि भाजपा भगवा पर अपना हक समझती है और लोगों धर्म, जाति, समुदाय, प्रांत के नाम पर तोड़ने की राजनीति करती है जबकि हम एक दूसरे को जोड़ने और विकास की राजनीति करते हैं। श्री नकुलनाथ ने आगे कहा कि उन्हें क्षेत्रवासियों ने जानकारी दी है कि सालीवाड़ा शारदा माई क्षेत्र में सर्वाधिक समस्या पेयजल की है। तब उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछली कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु एक योजना बनाई गई थी, जो अब तक पूर्ण भी हो जाती परन्तु सरकार बदलते ही भाजपा ने यह योजना निरस्त कर दी। उन्होंने कहा कि मैं इस पवित्र स्थल पर यह वचन देता हूं कि प्रदेश में फिर से जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी सबसे पहले इस समस्या का निराकरण किया जायेगा।





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, अमरुद, गुलमोहर और जामुन के पौधे लगाए।





मध्य प्रदेश सहकारिता संघ कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया गया।





गुड फ्राइडे पर भोपाल में ईसाई समाज के लोगों ने जुलूस निकाला।

# कूनो से भागे चीता ओवान मिला, पिंजरे में डालकर वापस कूनो लाया गया

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से भागे चीता ओवान को ट्रेंकुलाइज कर वापस लाया गया है। चीता विशेषज्ञ और डॉक्टरों की टीम ने गुरुवार देर शाम एक खेत में चीते को ट्रेंकुलाइज किया। आज यानी शुक्रवार सुबह उसे वापस कूनो में छोड़ दिया है। चीता ओवान शिवपुरी जिले के जंगल की ओर बढ़ रहा था, उसके लगातार रिहायशी इलाकों में पहुंचने पर कूनो प्रशासन ने यह कदम उठाया। जबकि मादा चीता आशा अभी भी धौरेट सरकार के जंगल में है।

कूनो प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेंकुलाइज करने के लिए सबसे पहले उसकी घेराबंदी की गई। चीते को इस तरह से घेरा गया कि वह एक ही निश्चित दिशा में भाग सके। उसी ओर इंजेक्शन लेकर बेहोश करने वाली टीम छुपकर खड़ी हो गई। जब चीता भागा तो उसे इंजेक्शन लगाकर बेहोश किया गया। चीते के बेहोश होते ही वन अमला और डॉक्टर विशेषज्ञों की टीम उसके पास पहुंची। उसकी आंखों पर कपड़ा लगाया, फिर ड्रिप लगाई गई। ऑक्सीजन भी लगाया गया।



मौके पर प्राइमरी ट्रीटमेंट देकर, चीते को पिंजरे में डालकर वन विभाग की टीम कूनो में वापस ले आई।

इस दौरान कुछ ही दूरी पर किसान और ग्रामीण भी मौजूद थे। चीते को डाबरपुरा गांव निवासी किसान मोहन यादव खेत से पकड़ा गया है। बता दें, नामीबिया से 17 सितंबर को 8 चीतों को लाया गया था। इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाड़े में रिलीज किया था। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों की दूसरी खेप कूनो लाई गई थी।

### दक्षिण अफ्रीका के एक्सपर्ट ने किया ट्रेंकुलाइज

चीता ओवान गुरुवार को सुबह शिवपुरी जिले के बैराड़ इलाके के डाबरपुरा और रामपुरा गांव के पास खेतों पर पहुंच गया था। वह दिन भर पेड़ के नीचे बैठा रहा। शाम 5 से 5.30 के बीच दक्षिण अफ्रीका के चीता एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे। उन्होंने इंजेक्शन गन तैयार की और धीरे-धीरे चीते के पास पहुंचकर निशाना लगाकर चीते को इंजेक्शन लगाया। चीता थोड़ा सा छटपटाया और बेहोश हो गया। फिर डॉक्टर और चीता एक्सपर्ट ने ओवान की आंखों पर पट्टी बांधी। उसे ड्रिप और ऑक्सीजन लगाई। इसके बाद उसे मिलकर पिंजरे में डाल दिया।

## दुकानदारों ने की चोरियों की शिकायत, सीएम ने मुरैना एसपी को ही हटा दिया

**मुरैना।** मुरैना के बाजारों में लगातार हो रही चोरियों की शिकायत से नाराज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना एसपी आशुतोष बागरी को हटा दिया। गुरुवार को मुरैना आए मुख्यमंत्री के सामने दुकानदार व व्यापारियों का दल बाजारों में लगातार हो रही चोरियों को रोकने की गुहार लेकर पहुंच गया। इस पर नाराज मुख्यमंत्री ने एसपी से कहा कि चोरी के लिए ज्ञापन मुझ तक आ जाए, यह आपके लिए बड़ी शर्म की बात है।यह कहकर मुख्यमंत्री भोपाल रवाना हो गए और साढ़े पांच घंटे बाद एसपी को हटाने का आदेश जारी हो गया।



मुरैना के आंबेडकर स्टेडियम में हुए लाड़ली बहना महासम्मेलन में भाग लेने के बाद दोपहर साढ़े 3 बजे मुख्यमंत्री 5वीं बटालियन के हेलीपैड पर पहुंचे थे। इसी दौरान मुरैना के सदर बाजार, पंसारी बाजार, सिकरवारी बाजार और बिहारीजी पड़ाव के व्यापारियों का एक दल ज्ञापन लेकर पहुंच गया। किराना संघ के अध्यक्ष अनिल मित्तल, व्यापारी सुधीर गोयल ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर बताया कि शहर के बाजारों में आठ दिन से लगातार चोरियां हो रही है। बीती रात भी तीन चोरियां हुई हैं, व्यापारियों ने विरोध में आज बाजार बंद रखा है। यह सुनते ही मुख्यमंत्री ठीक सामने खड़े एसपी आशुतोष बागरी पर नाराज हो गए और पूछा, कि यह क्या हो रहा है भाई, ये चोरियां क्यों हो रही हैं, क्या कर रहे हो आप। एसपी मामलों में कुछ कह पाते, इससे पहले ही मुख्यमंत्री ने कहा, कि आप देख लें भई। चोरियों की घटनाएं गंभीरता से लो आप। चोरी की शिकायत के लिए मुझ तक ज्ञापन आ जाए, आपके लिए बड़ी शर्म की बात है।इतना कहकर मुख्यमंत्री हैलिकाप्टर में बैठकर रवाना हो गए। इसके बाद रात 9 बजे के गृह विभाग से मुरैना एसपी आशुतोष बागरी को पीएचक्यू में सहायक पुलिस निरीक्षक के पद पर पदस्थ करने के आदेश जारी हुए।बागरी की जगह मुरैना का नया एसपी कौन होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

## थाने से बंदूकें लूटने वालों को छुड़ा ले गए अतिक्रमणकारी, हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के नेपानगर में देर रात अतिक्रमणकारियों ने पुलिस थाने पर हमला कर दिया। करीब 60 अतिक्रमणकारियों ने स्टाफ से मारपीट भी की। वे वन चौकी से बंदूकें लूटने के आरोपियों को छुड़ाकर ले गए। हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। तीनों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।



बाकड़ी वन चौकी से बंदूकें लूटने वाले आरोपी सीवल निवासी हेमा मेघवाल और अन्य दो को पुलिस ने एक दिन पहले ही पकड़ा था। हेमा को गुरुवार शाम बुरहानपुर में मीडिया के सामने पेश कर पुलिस ने नेपानगर थाने में रखा था। अतिक्रमणकारियों ने एएसआई गुलाब सिंह, अजय मालवीय और एक अन्य पुलिसकर्मी से मारपीट की। पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ भी की है। हमले के बाद पुलिस ने नगर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि रात में थाने में चार लोग थे। करीब 60 लोगों ने हमला किया। उनके चेहरे सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। उन्होंने बताया कि अगर हमलावर आत्मसमर्पण करने वाले अतिक्रमणकारियों में से हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कल हेमा को पकड़ा था। इसके अलावा मगन पटेल और नवाड़ी पटेल था।

**मध्यप्रदेश में बदलता मौसम**

# राजगढ़ के दिन सबसे गर्म दमोह-नर्मदापुरम की रातें



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इन दिनों मौसम बदसा सा है। दिन में तेज धूप और शाम को बादल छा रहे हैं। कुछ शहरों में हल्की बूंदाबांदी भी हो रही है। बावजूद पारे में बढ़ोतरी हो रही है। राजगढ़ के दिन और दमोह-नर्मदापुरम की रातें सबसे गर्म है। राजगढ़ में तो सीजन में पहली बार दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है, जबकि इंदौर, जबलपुर समेत 10 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से ज्यादा है। शुक्रवार को भोपाल में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। 3 दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा।

शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। इससे पहले गुरुवार शाम को इंदौर में बारिश हुई। इसके अलावा बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, धार, बैतूल, छिंदवाड़ा और बालाघाट में बूंदाबांदी हुई। भोपाल में शाम को बादल छा गए और ठंडी हवा चली।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में नया सिस्टम एक्टिव है। वहीं, एक ट्रफ लाइन सेंट्रल छत्तीसगढ़ से साउथ तमिलनाडु की ओर गुजर रही है। सेंट्रल एमपी पर चक्रवाती हवाओं का घेरा है। प्रदेश के उत्तरी और मध्य क्षेत्र में यह एक्टिव है। इस कारण आए बादल कहीं-कहीं बूंदाबांदी करा सकते हैं। बादलों का यह दौर एक सप्ताह तक बना रहेगा। भोपाल में 7 और 8 अप्रैल को हल्की बारिश की संभावना है। ज्यादातर शहरों में दिन में गर्मी रहेगी, जबकि शाम को बादल छा सकते हैं। इसी कारण पारे में भी बढ़ोतरी हुई है।

राजधानी में 7 अप्रैल को हल्की बूंदाबांदी के आसार है। मौसम विभाग ने बादलों की गरज-चमक होने की बात भी कही है। इसके बाद 3 दिन तक बादल छाए रहेंगे।




विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली गई।

# निलंबित जेल अधीक्षक के लॉकर में मिला 3 किलो सोना

**उज्जैन।** उज्जैन की केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में करोड़ों के गबन की आरोपी पूर्व जेल अधीक्षक उषा राज का बैंक लॉकर खुलवाया गया। गुरुवार रात तक लॉकर की सर्चिंग चलती रही। इसमें करीब तीन किलो सोना, डायमंड ज्वेलरी, एफडी और प्रॉपर्टी संबंधी कई दस्तावेज पुलिस को मिले हैं। गबन के मामले में ये बड़ी रिकवरी बताई जा रही है। इधर, एसआईटी में अभियोजन अधिकारियों को भी शामिल कर लिया गया है।



उषा राज ने पुलिस को पूछताछ में अब तक कुछ खास जानकारी नहीं दी है। मामले में डीपीएफ के अलावा पे-बिल सहित कई तरह की गड़बड़ी सामने आई। इस बीच रिकवरी को लेकर पुलिस को कोर्ट ने उषा राज के लॉकर खोलने की अनुमति दे दी। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद भी पुलिस को कई घंटे बैंक में जद्दोजहद करनी पड़ी, तब जाकर सेठी नगर की बैंक ऑफ इंडिया के लॉकर खुलवाया जा सका। उषा राज की 8 अप्रैल को रिमांड खत्म होने जा रही है। पुलिस शुक्रवार को लॉकर में मिले ज्वेलरी दस्तावेज का खुलासा कर सकती है।

**एसआईटी में इन्हें भी किया शामिल**

उप संचालक अभियोजन डॉ. साकेत व्यास, एडीपीओ नीतेश कृष्णन और उमेशसिंह सेंगर को भी एसआईटी में शामिल किया गया है। एसपी सचिन शर्मा के निर्देश के बाद केस डायरी तैयार करने में अभियोजन पक्ष मजबूत रहे व कोई कमी न रह जाए, इसलिए अब एसआईटी में अभियोजन अधिकारी भी हर पहलू को विधि अनुसार कागजी प्रक्रिया से मजबूत कराएंगे।

बंदी से जबरिया वसूली के आरोप में फरार जेल प्रहरी देवेंद्र चौहान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह रायसेन में बहन के यहां छिपा हुआ था।? सीएसपी अनिल मौर्य ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। बताया कि कोर्ट में पेश करने पर जेल प्रहरी व जगदीश परमार का एक दिन का रिमांड मिला है।

### 100 जेलकर्मियों के पीएफ अकाउंट में की सेंधमारी

केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के 100 कर्मचारियों के पीएफ अकाउंट में सेंधमारी हुई। जेल अकाउंटेंट द्वारा अपने दो जेल प्रहरी साथियों के साथ पिछले 5 साल से जेल कर्मचारियों के पीएफ अकाउंट से 15 करोड़ रुपए निकाल लिया गए। खास बात ये है कि न तो पीड़ितों ने पीएफ निकालने के लिए आवेदन किया, न ही दस्तखत किए, फिर भी उनके पीएफ अकाउंट से पैसे निकल गए। ट्रेजरी के अफसर के अफसर ने इस गबन को पकड़ा, जिसके बाद से मामले में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं।

# देहदान जागृति के लिए प्रयास कर रहे समाजसेवी

**भोपाल।** अपनी देहदान का संकल्प लेकर देहदान जागृति के लिए प्रयास कर रहे समाजसेवी विकास पचौरी के अभियान को निरंतर गति मिल रही है। वीते माह 12 व्यक्तियों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प करके बाकायदा अपनी वसीयत लिखकर दी है जिसमें सभी ने अलग-अलग लिखा है कि मेरी मृत्यु के बाद मृत शरीर को मुक्तिधाम ले जाकर अग्नि संस्कार न करते हुए किसी भी मेडिकल कालेज में दान कर दिया जाए जिससे शरीर के अंग पीड़ित मानवता के काम आ सकें।

संकल्प लेने बालों में सरनाम सेंगर , कमलेश रघुवंशी , रतनबाई राजपूत , बलवीर धाकड़ , राजकुमारी धाकड़ ,सुमन कुशवाहा , अजय कुमार , राकेश तिवारी , मुंशीलाल



सरनाम सेंगर | कमलेश रघुवंशी | रतन बाई राजपूत | बलबीर धाकड़ | राजकुमारी धाकड़ | सुमन कुशवाहा
अजय कुमार | राकेश तिवारी | मुन्शीलाल अहिरवार | आनंद स्वरुप शर्मा | हीराबाई रिसालिया | कमलसिंह राजपूत

अहिरवार , आनंद स्वरुप शर्मा ,हीराबाई रिसालिया एवं पहलबान कमल सिंह राजपूत है। इस अभियान में अभी तक देहदान और नेत्रदान का संकल्प लेने वाले बारह सौ से अधिक व्यक्ति जुड़ गए है जिनमें अठारह व्यक्तियों की मृत्यु होने पर इनका देहदान एवं सात व्यक्तियों का नेत्रदान अलग - अलग मेडिकल कालेजों में संपन्न हुआ है। विकास पचौरी ने बताया कि देहदान संकल्प प्रक्रिया आसान और निःशुल्क है सिर्फ दो पासपोर्ट फोटो लाना आवश्यक है। यह संकल्प शेरपुरा विदिशा स्थित सेवाधर में प्रत्येक रविवार को किसी भी समय आकर भरे जा सकते हैं। विकास पचौरी ने अपील की है कि मरने के बाद राख होते से बेहतर है नेत्रदान-देहदान कर अमर हो जाएँ और पीडित मानवता के काम आये ।